# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025




क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा **अलविदा**

- 103 मैच की 176 पारियों में 43.60 की औसत से 7,195 रन बनाए
- 19 शतक और 35 अर्धशतक जड़े, सर्वश्रेष्ठ स्कोर 206* रन
- 5 वनडे में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 10.20 की औसत के साथ कुल 51 रन बनाए थे
- भारत के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में आठवें स्थान पर

# 26 माह से भारतीय टीम से बाहर दिग्गज क्रिकेटर पुजारा ने छोड़ा बल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास खबर**

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। वह भारत की टेस्ट टीम से 26 महीने से बाहर थे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 के बाद भारतीय टीम से बाहर हो गए थे। बीते सप्ताह खबर आई थी कि वह घरेलू क्रिकेट के आगामी सत्र के लिए सौराष्ट्र के लिए खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### चेतेश्वर का करियर

37 वर्षीय पुजारा ने 2010 में डेब्यू के बाद भारत के लिए 103 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेले। उन्होंने 43.60 की औसत से 19 शतकों और 35 अर्धशतकों सहित 7,195 टेस्ट रन बनाए। उनका सर्वोच्च 205 रन था। एक दशक से भी ज्यादा समय तक, वह भारत के सबसे भरोसेमंद नंबर 3 बल्लेबाज रहे। भारत और विदेशी में टीम की कुछ सबसे बड़ी टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाई। पुजारा टेस्ट में भारत के लिए 8वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 21301 रन बनाए हैं।

## भावुक पोस्ट में बोले पुजारा- सपना पूरा हुआ कोई पछतावा नहीं



### अद्भुत खेल के महान दूत : कुंबले

अनिल कुंबले ने कहा, 'शानदार करियर के लिए बधाई! आप इस अद्भुत खेल के एक महान दूत रहे हैं। क्रिकेट के मैदान पर आपकी सभी उपलब्धियों पर हम सभी को गर्व है।'

### आपका धैर्य, दृढ़ संकल्प प्रेरणादायक : सहवाग

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा, 'शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई चेतेश्वर। आपका धैर्य, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत प्रेरणादायक थी और आपने जो हासिल किया है उस पर आपको गर्व हो सकता है।

पुजारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक नोट लिखकर क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। इस पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, "भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करना – इसका असली मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है। लेकिन जैसा कि कहा जाता है हर अच्छी चीज का अंत होता है और अपार कृतज्ञता के साथ मैंने भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, सपना पूरा हुआ, कोई पछतावा नहीं।









**धोखाधड़ी करके सीआईएसएफ में भर्ती, गिरफ्तार**: मथुरा। राजस्थान पुलिस ने मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र निवासी ओमवीर सिंह को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जनरल ड्यूटी आरक्षी की परीक्षा में अपने स्थान पर किसी अन्य को बैठाकर नौकरी पाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# आवारा हूं ...शेल्टर होम में ताले, नसबंदी की खानापूर्ति इसलिए डॉग बाइट के थोक में मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर/धमतरी/ भिलाई/ राजनांदगांव

रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के बड़े शहरों में डॉग बाइट के आंकड़े चिंताजनक हैं। इसके मुकाबले इन पर नियंत्रण के लिए प्रयास महज खानापूर्ति जैसे ही हैं। कई शहरों के शेल्टर होम्स के ताले खुले नहीं हैं। जहां नसबंदी की सुविधा है, वहां गिनती के ही कुत्तों को लाया जा रहा है। जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इन शहरों में स्ट्रीट डॉग को संभालने कई इंतजाम करने पड़ेंगे। हरिभूमि ने कई शहरों की पड़ताल की, जिसमें ढेरों खामियां नजर आई। रायपुर जिले में ही सात माह में डॉग बाइट के 9000 केस सामने आए हैं। इसके उलट नसबंदी का आंकड़ा 3000 तक सिमटा हुआ है।

**हरिभूमि पड़ताल**

दुर्ग भिलाई के शहरी क्षेत्रों के आवारा कुत्ते इतने खतरनाक हो चुके हैं कि लोगों की जान पर बन आई है। चौंकाने वाली बात यह है कि दुर्ग जिले में पिछले छह महीने 5400 लोग डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं। जिसमें से 80 फीसदी मामले केवल भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई तीन व जैसे शहरी क्षेत्र के हैं। जिसकी वजह से जिला व सिविल अस्पताल में एंटी रेबीज की खपत यहां बढ़ गई है। भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान में पिछले छह महीने के दौरान केवल 1500 कुत्तों की नसबंदी की गई है। 1800 कुत्तों की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जिला व सिविल अस्पताल में रोजाना 30 डॉग बाइट के मामले

जिला अस्पताल दुर्ग में हर रोज 20 और लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई में 10 डॉग बाइट के प्रकरण आ रहे हैं। अस्पताल के आंकड़ों के मुताबिक जिला अस्पताल में हर महीने 600 और सिविल 300 लोग डॉग बाइट की वजह से आते हैं। यानी पिछले छह महीने के दौरान 5400 लोग कुत्ते काटने के शिकार हुए हैं। सरकार ने कुत्तों के काटने पर ▶▶| शेष पेज 7 पर





### एनजीओ के मुताबिक शहर में 10 हजार कुत्ते, 400 की होगी नसबंदी

धमतरी शहर में एक एनजीओ के सर्वे के मुताबिक धमतरी शहरी क्षेत्र के 40 वार्ड में लगभग 10 हजार कुत्ते लावारिस घूम रहे हैं। आखिरी बार नसबंदी 7 वर्ष पहले निगम द्वारा की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कुत्तों के काटने के सौ से अधिक मामले हर महीने आते हैं सामने

राजनांदगांव में नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर जारी किया जाता है। इस वर्ष भी टेंडर जारी हुआ है, लेकिन धरातल पर कार्य ▶▶| शेष पेज 7 पर

### बस्तर में डॉग बाइट के सालभर में 1992 मामले

जगदलपुर में लावारिश कुत्तों की संख्या बढ़ने और झुंड में गांव, शहर के कालोनी, वार्डों में लोगों को काट रहे हैं। इस पर नगर निगम का ध्यान नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। जिला महारानी अस्पताल, डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार बस्तर जिले में एक साल में 1992 डाग बाइट के ▶▶| शेष पेज 7 पर

## बिना मुंह बाधे कुत्ता घुमाया या खुला छोड़ा तो लगेगा एक हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के नागरिकों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस समय कुत्तों को लेकर एक अलग तरह का घमासान मचा हुआ है। इसी बीच छत्तीसगढ़ में जनविश्वास अधिनियम 2025 को राज्यपाल की अनुमति मिली है। खास बात ये है इस विधेयक में कई तरह के प्रावधान किए गए हैं, इसमें यह बात भी शामिल है कि मुखबंधनी के बिना अगर किसी ने कुत्तों को घुमाया तो उस पर एक हजार रुपए जुर्माना लगेगा। इसी तरह के कुछ प्रावधान हाथी, घोड़े और दूसरे जानवरों के संबंध में भी हैं।

**ये है मामला** : राज्य सरकार ने जुलाई में विधानसभा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### *किस गलती के लिए कितना जुर्माना*


*जनविश्वास विधेयक में बड़ी संख्या में विषय शामिल किए गए हैं। यहां हम अनुसूची दो के स्थान पर शामिल विषयों में शास्ति के प्रावधान का उल्लेख करेंगे। जैसे अनुज्ञा के बिना पर्चों को चिपकाने पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगेगा। अनुज्ञा को बिना पशुओं को बांधने पर पांच सौ रुपए, मुखबंधन के बिना कुत्तों को घूमने देने पर एक हजार* ▶▶| शेष पेज 7 पर

पुलिस ने गिरफ्त से भाग रहे आरोपी के पैर पर मारी गोली

# पत्नी को जिंदा जलाने वाले आरोपी का एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए पत्नी निक्की को जलाकर मारने वाले पति विपिन की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी विपिन के पैर में गोली लगी है। वह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस



ने पीछा किया लेकिन विपिन रुका नहीं, जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई जो विपिन के पैर में लग गई।

पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस टीम आरोपी को थिनर की बोटल जहां से खरीदी थी, वो बरामद करने के लिए लेकर जा रही थी। तभी विपिन ने पुलिस की पिस्टल छीन ली और भागने लगा जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई और गोली उसके पैर में लग गई।

### मुझे पछतावा नहीं

दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी निक्की की हत्या के आरोपी विपिन का भी बयान आया है। विपिन ने कहा कि मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैंने उसे नहीं मारा है। वह खुद मर गई। पति-पत्नी में अक्सर झगड़े होते रहते हैं, यह बहुत आम बात है।






### कच्छ में 15 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा

**भुज**। गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट 15 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा गया है। इंजन से चलने वाली देसी नौका जब्त की गई है। बीएसएफ ने बताया कि राज्य के कच्छ क्षेत्र में कोरी क्रीक पर स्थित सीमा चौकी के निकट एक अज्ञात नाव मिलने की गुप्त सूचना मिलने के बाद शनिवार को तलाशी अभियान चलाया गया।

### बस में आग, 44 यात्री बाल-बाल बचे

**मुंबई**। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में मुंबई-गोवा राजमार्ग पर एक निजी लग्जरी बस में आग लग गई, लेकिन



गनीमत रही कि उसमें सवार 44 यात्री बाल-बाल बच गए। यह घटना पोलादपुर इलाके में काशेडी सुरंग के पास देर रात लगभग दो बजे हुई। एक टायर फटने के बाद बस चालक को गड़बड़ी का आभास हुआ और उसने यात्रियों को तत्काल बस से उतरने को कहा।

### राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य बिमलेंद्र का निधन

**अयोध्या**। अयोध्या के पूर्व राजपरिवार के वंशज और राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का शनिवार रात निधन हो गया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने शोक जताया है। मिश्र 75 वर्ष के थे। उनके छोटे भाई शैलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र ने पत्रकारों से मिश्र के निधन की पुष्टि की। बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने अपने निवास 'राज सदन' में अंतिम सांस ली।





| कुल देय प्रीमियम | % विलम्ब शुल्क में रियायत | रियायत की अधिकतम सीमा* |
|---|---|---|
| ₹1,00,000 तक | 30% | ₹3000 |
| 1,00,001 से 3,00,000 तक | 30% | ₹4000 |
| 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹5000 |

*नियम व शर्तें लागू

पॉलिसियों को अदा न किए गए पहले प्रीमियम की तिथि से 5 वर्षों के अंदर पुनर्चलित किया जा सकता है.

कृपया अपनी नज़दीकी एलआईसी शाखा या एजेंट से संपर्क करें. हमसे जुड़े रहें. एलआईसी में अपना मोबाइल नंबर, ईमेल, एनईएफ़टी और पैन नंबर अपडेट करें.

डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. **कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.**

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC / MI / 2025-26 / 15 / Hin

# जलमग्न फोरलेन में नहाकर व्यापारियों ने किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

**गड्ढों में तब्दील जर्जर सड़क के नवनिर्माण की मांग को लेकर कुसमुण्डा में व्यापारियों ने अनोखा प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। विकासनगर के जलमग्न फोन लेन सड़क पर व्यापारी संघ के नेतृत्व में स्नान कर व्यापारियों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जिले भर में चर्चाओं का बाजार सरगर्म रहा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के खिलाफ रविवार को व्यापारियों ने एक अनूठा और प्रभावशाली विरोध प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने विकास नगर के जलमग्न फोरलेन पर गड्ढों में जमा पानी में नहाकर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। इस विरोध प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया खूब वायरल हुआ। व्यापारिक संघ के अध्यक्ष अशोक राठौर ने बताया कि पिछले दो वर्षों से इमलीछापर चौक और चर्च कॉम्प्लेक्स के पास सड़क की यही स्थिति बनी हुई है। बारिश शुरू होते ही सड़क पर बड़ा जलभराव हो जाता है जिससे दुकानदारों का व्यापार ठप हो जाता है। कॉलोनी के निवासी और राहगीर भी इस जलजमाव और कीचड़ भरी सड़कों से परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इमलीछापर क्षेत्र का ओवरब्रिज लंबे समय से बंद पड़ा है, जिससे वैकल्पिक रास्तों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों दीपका, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार सहित आसपास के गांवों से भारी वाहनों की आवाजाही इसी मार्ग से होती है, जिससे सड़क पर गड्ढे और गहराते जा रहे हैं।



### दुर्घटना का भी खतरा

ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों के अनुसार सड़क की बदहाली के चलते कई बार वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इस मार्ग पर न तो पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था है और न ही समय पर मरम्मत होती है। व्यापारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए, जलभराव की समस्या दूर की जाए और ओवरब्रिज को फिर से चालू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भालू के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से हुआ घायल

**गरियाबंद/रसेला।** अंचल के ग्राम पंचायत मुडीपानी के आश्रित ग्राम कमारपारा में रविवार की सुबह दहशत भरी साबित हुई। रोज़ की तरह सुबह टहलने और शौच के लिए घर से निकले 48 वर्षीय धनेश कमार पिता मंगल पर अचानक जंगली भालू टूट पड़ा।



घटना मलेवाडोंगर की तलहटी पर हुई, जहां धनेश का सामना अचानक भालू से हो गया। ग्रामीणों के अनुसार भालू ने उन पर लगातार हमला किया, जिससे धनेश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। धनेश की चीख-पुकार सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डंडे-पत्थर मारकर किसी तरह भालू को खदेड़ने में सफल हुए। हमले में धनेश के शरीर पर गहरे घाव आए हैं और वह खून से लथपथ हो गए। आनन-फानन में परिजनों और गांववालों ने घायल को प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था की।

### 22 कैरेट सोना बताकर बेचा पंद्रह का सामान

**राजनांदगांव।** शहर के सदर बाजार स्थित एक सराफा व्यापारी द्वारा अपने ही ग्राहक से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।



सराफा व्यापारी द्वारा ग्राहक को 22 कैरेट सोने का बोलकर सामान बेचा था, लेकिन जब इसकी जांच की गई तो वह पंद्रह कैरेट का ही निकला। हालांकि मामले में कुछ अन्य व्यापारियों के दखल दिए जाने के चलते पुलिस में शिकायत नहीं की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले की पोल तब खुली जब ग्राहक ने उक्त ज्वेलर्स से लिए सामान को किसी अन्य व्यापारी के पास गिरवी रखना चाहा। व्यापारी ने उसकी जांच कराई तो पता चला कि सोना पंद्रह कैरेट है। जबकि उसने सदर बाजार के सराफा व्यापारी से उसे 22 कैरेट बताए जाने पर खरीदा था। मामले की जानकारी के बाद जब ग्राहक सदर बाजार के व्यापारी के पास पहुंचा तो विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई, लेकिन शहर के अन्य व्यापारियों ने इस मामले में दखल दिया और मामले को पुलिस तक पहुंचने से पहले ही शांत करा दिया।

### स्कूटी ने बाइक को मारी टक्कर, एक की गई जान

**बालोद।** तीजा लेकर मोटर सायकल के माध्यम से वापस आ रहे भाई बहन को तेजरफ्तार स्कूटी ने ठोकर मार दी। जिससे युवक की मौत हो गई। ग्राम आलीखुंटा निवासी नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा लड़का जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा हमारे मोटर सायकल स्पेलेण्डर मेरी लडकी संतोषी बाई को तीजा पोला त्यौहार मनाने लाने के लिये ग्राम चेंदरीबन नवागांव जा रहा था। इसी दौरान ग्राम जेवरतला तालाब के पास पिनकापार तरफ से आ रही स्कूटी चालक संजय पंदरामे ने टक्कर मार दी। टक्कर से जितेन्द्र विश्वकर्मा की मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई ।

70 लोगों का कराया गया था ट्रेन में रिजर्वेशन

# वाह रे निगम : सरकारी खर्च पर पार्षद की जगह उनके पति ले रहे फाइव स्टार लाइफ का मजा

**नगर निगम की कुछ महिला पार्षदों को घर की गृहस्थी संभालने की जिम्मेदारी देकर उनके पति निगम के सरकारी खर्च पर पांच सितारा लाइफ इंजाय करने इंदौर गए हुए हैं, तो कुछ अपनी पत्नी के साथ पहुंचे। सभी के रहने खाने और आने जाने का खर्च नगर निगम प्रशासन ने उठाया है। प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगमों में से एक भिलाई नगर निगम इस समय स्वच्छता और स्मार्ट सिटी की तर्ज पर खुद को डेवलप करने के लिए अपने आपको अपडेट कर रहा है। इसके लिए वो अपने निगम के अधिकारियों और पार्षद व महापौर को इंदौर नगर निगम का दौरा करवाकर ट्रेनिंग भी दिलवा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस ट्रेनिंग के लिए निगम से 70 लोग इंदौर दौरे पर गए हैं, जिसमें महापौर, सत्ता और विपक्ष के पार्षद से लेकर निगम के अधिकारी शामिल हैं। इस पूरे दौरे में पांच सितारा होटल से लेकर रेलवे के एसी टिकट, बस और खाने पीने का खर्च निगम प्रशासन द्वारा लगभग 10-12 लाख रुपए खर्च किया गया है। निगम ने अपने सरकारी खर्च पर जिन 70 लोगों को भेजा है उसमें पार्षद के साथ साथ उनके पति और बेटे व अन्य लोग भी शामिल हो लिए हैं, जबकि यह नियम के बिल्कुल विपरीत है। सभी लोग सरकारी खर्च पर इंदौरा में तीन दिन की 5 सितारा लाइफ एंजाय करके 24 अगस्त को वहां से लौटे हैं और 25 को भिलाई पहुंचेंगे। इंदौर में ट्रेनिंग के लिए हमसफर एक्सप्रेस से 70 लोगों का एयर कंडीशन रिजर्वेशन हुआ था। इसमें लगभग 10-12 निगम के अधिकारी, 30 पार्षद और 25-30 अन्य लोग यानि पार्षद पति, पुत्र व अन्य लोग गए हुए हैं।

### पार्षद पति दे रहे अलग अलग एक्सक्यूज

इस बारे में जब पार्षद पतियों और पुत्रों से बात की गई तो कुछ ने फोन नहीं उठाया। कुछ ने कहा कि उनका बेटा छोटा है। पत्नी ट्रेनिंग आई है तो वो उनके साथ आए हैं। वहीं जो पार्षद पति अपनी पत्नी की जगह गए हैं उनका कहना है कि वो अपने खर्च पर इंदौर गए हैं।

### होटल में धूमधाम से मना बर्थ-डे

ट्रेनिंग के नाम पर गए एक वार्ड पार्षद के बेटे का 22 अगस्त को जन्मदिन था। इस दौरान निगम के पैसों पर बुक किए गए होटल में उनका धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इसकी फोटो भी फेसबुक और शोसल मीडिया में वायरल हो रही है।




### होटल का बिल पटाया शासकीय मद से

इंदौर दौरे पर गए पार्षद और निगम के अधिकारी सभी के सभी पांच सितारा होटल फायरफाइल्ड मेरियोट इंदौर में रुके थे। 70 लोगों के दल को ठहराने के लिए इस होटल में कुल 35 डबल डीलक्स रूम बुक हुए थे। एक कमरे का किराया 6500 रुपए है। इस तरह 12 प्रतिशत जीएसटी के साथ निगम के द्वारा 5 लाख 9 हजार 600 रुपए का बिल होटल को दिया गया है। इसके साथ ही जो ट्रेन का टिकट बुक किया गया था वो भी निगम मद से दिया गया है।

### पार्षद और निगम अधिकारियों

का खर्च उठाया नगर निगम ने इंदौर दौरे पर जो 70 लोग गए हैं उनमें पार्षद पति या पुत्र सहित अन्य लोगों के जाने की जानकारी नहीं है। निगम ने केवल पार्षद और अधिकारियों का खर्च उठाया है। अन्य लोगों का खर्च निगम के द्वारा नहीं दिया गया है।

-राजीव कुमार पाण्डेय
आयुक्त, ननि भिलाई

### पार्षद पतियों ने खुद उठाया अपना खर्च

70 लोगों के दल में पार्षद पति और पार्षद पुत्र शामिल थे, ये बात सही है। निगम ने केवल निगम के अधिकारी और पार्षदों का ही खर्च उठाया है। बाकी जो भी लोग थे उन्होंने अपना खर्च खुद उठाया है।

- नीरज पाल, मेयर
नगर पालिक निगम, भिलाई



डूबने की आशंका पर होती रही खोजबीन

## बीमा की रकम से पिता का कर्ज चुकाने युवक ने रची खुद की मौत की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर चाम्पा

बीमा की रकम से पिता का कर्ज चुकाने के लिए एक युवक ने खुद के मौत की झूठी साजिश रच डाली। युवक के नदी में डूबकर मौत की आशंका में पुलिस उसकी खोजबीन करती रही। आख़रिकार चार दिन बाद युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दरअसल शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तनौद निवासी 21 वर्षीय कौशल श्रीवास 19 अगस्त को लापता हो गया। उसकी बाइक और मोबाईल शिवनाथ नदी के पुल पैसर घाट में मिली।



कौशल के पिता तिलक राम श्रीवास ने पामगढ़ थाना में अपने बेटे के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। कौशल के नदी में डूबने की आशंका में पुलिस ने उसकी काफ़ी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। चार दिन बाद कौशल ने अपने भाई को फोन कर बिलासपुर रेलवे स्टेशन में होने की जानकारी दी। पुलिस ने बिलासपुर जाकर कौशल को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि कौशल के पिता का लाखों रुपए का कर्जा है। और कौशल का 40 लाख रुपए का बीमा था। घर की परेशानी से छुटकारा पाने के लिए उसने अपने आप को मृत घोषित कर बीमा राशि पाने के लिए यह षड्यंत्र रचा था। कौशल ने बताया कि पैसर पुल के पास बाइक छोड़कर वह पैदल पामगढ़ चला गया। वहां से बस से 20 अगस्त को बिलासपुर पहुंचा। बिलासपुर से दिल्ली फरिदाबाद गया। वापस आया तो सायबर सेल एवं पामगढ़ पुलिस ने बिलासपुर स्टेशन में उसे पकड़ लिया।

नवागांव-नया रायपुर मार्ग पर हादसा

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो की मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शनिवार रात नवागांव-नया रायपुर मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े एक सरिया से भरे ट्रक से जा टकराई। इस घटना ने एक बार फिर रात के समय सड़कों पर बेतरतीब खड़े भारी वाहनों से पैदा होने वाले खतरे को उजागर कर दिया है। रात करीब 9.30 बजे, नवा रायपुर की ओर से आ रही एक बाइक (क्रमांक का उल्लेख नहीं) सड़क किनारे खड़े एक ट्रक (क्रमांक सीजी 07 सीए 6425) के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नवागांव (ल) निवासी डेमन साहू और जितेंद्र ध्रुव (दोनों की उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक में सरिया भरा हुआ था और वह बिना किसी चेतावनी संकेत के अंधेरे में सड़क किनारे खड़ा था। बाइक सवार संभवतः सामने से आ रहे वाहनों की चकाचौंध रोशनी के कारण ट्रक को देख नहीं पाए, और सीधे उससे जा भिड हादसे की सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। दोनों शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चीरघर भेजा गया, जहां रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### सड़क पर खड़े वाहन बने जान का खतरा

यह कोई पहली घटना नहीं है, जब इस तरह की लापरवाही ने दो मासूम जिंदगियों को छीन लिया हो। नवापारा थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में सड़कों पर और सड़क किनारे बड़ी संख्या में ट्रक और हाइवा खड़े रहते हैं। इन वाहनों के चालक न तो अपना इंडिकेटर चालू करते हैं और न ही वाहन पर चमकने वाली रेडियम पट्टी लगाते हैं। दिन के उजाले में तो ये वाहन दिख जाते हैं, लेकिन रात में सामने से आती गाड़ियों की तेज रोशनी में इन्हें देखना लगभग नामुमकिन हो जाता है, जिससे ऐसे हादसे होते रहते हैं। इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद मृतकों के परिजनों और नवागांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनकी मांग है कि प्रशासन ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और सड़कों पर अनधिकृत पार्किंग पर रोक लगाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। यह घटना एक गंभीर चेतावनी है, जो सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त पालन और अधिकारियों द्वारा प्रभावी निगरानी की आवश्यकता पर जोर देती है।

## बेटी की उम्र की युवती पर आया दिल, शक में कर दी हत्या

**धमतरी/मगरलोड।** पति के जेल जाने के बाद महिला का प्रेम संबंध अपने पिता की उम्र के व्यक्ति से बन गया। वह व्यक्ति महिला पर किसी और दूसरे व्यक्ति से संबंध होने का शक करता था। इसी शक के चलते शनिवार की रात उसने महिला को चाकू से गोदकर मार डाला। घटना करेली बड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हसदा की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यहां पुष्पा मारकंडे उम्र 30 साल अपने तीन साल के बच्चे के साथ रहती थी। पुष्पा का पति एक साल से जेल में है। शनिवार की रात गांव का ही रहने वाला जगन्नाथ जांगड़े उम्र 67 साल पिता करिया जांगड़े उसके घर पहुंचा और अपने पास रखे चाकू से उसकी हत्या कर दी। हत्या की जानकारी जब पुष्पा के भाई ललेश बंजारे को हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103, 115(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसका प्रेम संबंध मृतिका के साथ था।



# मवेशियों के पैरों को रस्सी से बांधकर रखा, करंट से आधा दर्जन मर गए!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के लिटिया ग्राम से मवेशियों पर क्रूरता का बड़ा मामला सामने आया है। लिटिया स्थित सरकारी गौठान में मवेशियों को चारा, पानी की उपलब्धता की बजाए पैरों में रस्सी बांधकर करंट वाले वायर के बीच रखा गया है। कीचड़ से पटे इस गौठान में आधा दर्जन मवेशियों की करंट लगने से मौत भी देखने को मिली है। चिंताजनक यह है कि मृत मवेशियों के शरीर के मांस को अवारा कुत्तों ने नोंच-नोंचकर खा लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार लिटिया स्थित गौठान में करीबन 50 से 55 मवेशियों को रखा गया है। गौठान में मवेशियों को दयनीय स्थिति में रखा गया है। हालत यह है कि मवेशियों को जहां चारे की व्यवस्था भी बराबर नहीं है। वहीं जख्मी मवेशियों के इलाज की भी कोई व्यवस्था गौठान समिति द्वारा की जाती है। इस बीच जब गौ-सेवा से जुड़ी समितियों को इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति को देखा और उसके बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्थिति सुधारने की मांग भी की है।



### इलेक्ट्रिक फेंसिंग से घिरा गौठान

गौठान के चारों ओर इलेक्ट्रिक फेंसिंग की गई है। इस फेंसिंग के कारण ही कई मवेशियों की मौत भी हो चुकी है। मौके पर पहुंचे गौसेवकों ने बताया कि मृत मवेशियों के शव को आवारा कुत्तें नोंचकर खा रहे हैं। वहीं गौठान में दर्जनभर से अधिक मवेशियों के पैरो में रस्सी बांधी गई है। जिसकी जकड़ से भी उन्हें घाव हो गए है। जिसमें कीड़े तक लग गए है। इसके बाद भी किसी प्रकार का इलाज उपलब्ध नहीं कराया गया है।

त्योहारी सीजन में आटोमोबाइल सेक्टर में आएगा बूम

# कारों के ज्यादातर एसयूवी मॉडल अब ऑन डिमांड, कुछ में ही एक से दो माह की वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



गणेशोत्सव से त्योहारी सीजन का आगाज होने जा रहा है। त्योहारी सीजन में ऑटोमोबाइल सेक्टर में यह खास बात है कि इस बार एसयूवी कारों के ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड मिलने लगे हैं। बीते कुछ समय से कार सेक्टर की हालत खराब है। देशभर में कारों की पिछले चार माह से बिक्री कम हो गई है। अपने प्रदेश में भी कारों की बिक्री प्रभावित हुई है। कारों की सप्लाई ज्यादा होने के कारण सभी डीलरों के पास भरपूर स्टॉक है। टोयटा की हाई क्रॉस के साथ कुछ ही मॉडल ऐसे हैं, जिनकी वेटिंग एक से दो माह है। दो साल पहले एसयूवी कारों के ज्यादातर टॉप मॉडल ऑन डिमांड मिल ही नहीं रहे थे। कई मॉडलों में छह-छह माह तक की वेटिंग थी, लेकिन अब यह स्थिति बदल गई है। दरअसल सेमीकंडक्टर की कमी के कारण कारों की सप्लाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन अब तो अपने ही देश में सेमीकंडक्टर बनने के कारण कारों का बहुत ज्यादा उत्पादन होने से कारों की कमी नहीं रह गई है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी रफ्तार

इस माह से त्योहारी सीजन का आगाज हो रहा है। रक्षाबंधन के बाद से ही त्योहारी सीजन प्रारंभ हो जाता है। सबसे पहले गणेश चतुर्थी में 11 दिनों तक लगातार वाहन बिकेंगे। इसके बाद हालांकि पितृपक्ष लग जाता है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि और फिर दीपावली के कारण बहुत ज्यादा खरीदारी होती है। कारोबारियों को इस बार भी बीते साल की तरह अच्छा कारोबार होने की संभावना है।

### ज्यादातर मॉडल ऑन डिमांड

कारों के ज्यादातर मॉडल अब ऑन डिमांड मिल रहे हैं। कुछ मॉडलों में जरूर वेटिंग है। इस बार त्योहारी सीजन अच्छा रहेगा।

- विवेक गर्ग, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

### चार माह से मंदी

छत्तीसगढ़ में अप्रैल से लेकर जुलाई तक के चार माह ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए मंदी वाले रहे हैं। वाहन बिक्री के लिए इस बार अप्रैल से जब नया सत्र प्रारंभ हुआ तो इस सत्र में कारों की कीमत बढ़ने के कारण कारों की बिक्री तो प्रभावित हुई ही, साथ ही दुपहिया वाहनों की बिक्री भी प्रभावित हो गई। अप्रैल में जहां कारों की बिक्री 20 फीसदी प्रभावित हुई, वहीं दुपहिया वाहन भी बीते साल से सवा सात फीसदी कम बिके। कारोबारियों को लगा, अगले माह सब ठीक हो जाएगा, लेकिन मई में अप्रैल से भी बड़ा झटका लगा। इस माह जहां दुपहिया वाहन बीते साल से करीब 10 फीसदी कम बिके, वहां कारों की बिक्री 30 फीसदी तक प्रभावित हो गई। सिलसिला जून में भी जारी रहा। जून में एक बात अच्छी रही है कि इस माह दुपहिया वाहनों की बिक्री बीते दो माह से कम प्रभावित रही, लेकिन बीते साल की तुलना में फिर भी चार फीसदी वाहन कम बिके।

रायपुर
सोमवार, 25 अगस्त 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 24, अंक : 39
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 27.8
न्यून. 23.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# जम्मू में बारिश ने तोड़ा 100 साल का रिकॉर्ड, छत्तीसगढ़ के उत्तरी इलाके में झमाझम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/जम्मू/रायपुर

देश के कई इलाकों में भारी बारिश का दौर जारी है। जम्मू-कश्मीर में बारिश ने बड़ी तबाही मचाई है। रविवार को इस बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए। जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर एक पुल टूट गया। बारिश के कारण आईआईआईएम के 45 विद्यार्थियों को सुरक्षित निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में पिछले 24 घंटों में सुबह 8.30 बजे तक 190.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अगस्त के महीने में इतनी बारिश 100 सालों में दूसरी बार हुई है। इससे पहले 5 अगस्त 1926 को 228.6 मिमी बारिश हुई थी।

जम्मू में भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान के कम से कम 45 विद्यार्थियों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और पुलिस के संयुक्त अभियान में सुरक्षित निकाल लिया गया। छात्रावास परिसर का ग्राउंड फ्लोर बाढ़ के पानी में डूब गया था।

- हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण 400 सड़कों को आवागमन के लिए बंद किया गया
- उत्तराखंड के थराली में राहत, बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी, धामी ने किया निरीक्षण
- राजस्थान बाढ़ में सहायता के लिए एक एमआई-17 तैनात, वायुसेना और उड़ानों के लिए तैयार



देश के कई राज्यों बाढ़ जैसे हालात, जम्मू-पठानकोट हाईवे पर पुल टूटा

आईआईआईएम जम्मू के 45 विद्यार्थियों का किया गया रेस्क्यू

### सरगुजा-बिलासपुर संभाग में अधिक वर्षा

रायपुर। निम्नदाब का क्षेत्र उत्तर-पूर्व मध्यप्रदेश के ऊपर मौजूद होने की वजह से छत्तीसगढ़ के उत्तरी हिस्से में भारी बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा और बिलासपुर संभाग के ज्यादातर हिस्सों में वर्षा दर्ज की गई है। ⏭ शेष पेज 7 पर

## बगीचा-पंडरापाठ में धंस गई सड़क प्रशासन ने आवागमन बंद कराया

जशपुर। जिले में तीन दिन से लगातार भारी बारिश का प्रकोप से बगीचा -पंडरापाठ में भू-स्खलन से स्थानीय प्रशासन ने वाहनों का आवागमन बंद कर दिया है। बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया ने बताया कि बगीचा से रौनी के बीच में मुख्य सड़क पर बड़ी बड़ी दरार आ गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र में पुलिस तैनात कर वाहनों की आवाजाही अब रजपुरी जलप्रपात वाले मार्ग से कामारिमा से शुरू करा दी गई है।बगीचा लोक निर्माण विभाग के हमले ने तत्काल मौके पर पहुंच कर सड़क पर बचाव कार्य शुरू करा दिया गया है। फिलहाल बारिश का लगातार प्रकोप को देखते हुए लोगों की चिंता बढ़ गई है। पत्थलगांव, बगीचा, किलकिला, फरसाबहार इलाके में बारिश का प्रकोप से नदी नाले उफान पर आ गए हैं।पत्थलगांव-बटुराबहार मुख्य सड़क पर बारिश के पानी का तेज बहाव से सड़क पर आवागमन बाधित हो गया है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि स्थानीय प्रशासन का अलर्ट के बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। इस सड़क पर छोटे नालों में लबालब पानी भर जाने से आधा दर्जन गांव का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। स्थानीय प्रशासन ने राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।





## ट्रंप टैरिफ : ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली ने अमेरिका को दिया बड़ा झटका

# भारत के बाद अब यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए रोकीं डाक सेवाएं

*भारत के बाद यूरोप की कई डाक सेवाओं ने अमेरिका को पार्सल भेजना अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। दरअसल, अमेरिका में 29 अगस्त से नए आयात शुल्क लागू होने वाले हैं, लेकिन नियमों को लेकर स्थिति साफ नहीं है। समय पर डिलीवरी की गारंटी न होने और नियमों की तैयारी के लिए पर्याप्त समय न मिलने पर यह फैसला लिया गया है।*

एजेंसी ⏭ एथेंस

यूरोप की कई डाक सेवाओं ने यह घोषणा की कि वे अमेरिका को पार्सल भेजना अस्थायी रूप से बंद कर रही हैं। ऐसा उन्होंने अमेरिका की ओर से लागू किए जा रहे नए आयात शुल्कों (टैरिफ) को लेकर अस्पष्टता की वजह से किया है। जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन और इटली की डाक सेवाओं ने कहा है कि वे तुरंत प्रभाव से अमेरिका को ज्यादातर व्यापारिक सामान भेजना बंद कर रही हैं। फ्रांस और ऑस्ट्रिया सोमवार और ब्रिटेन मंगलवार से यह कदम उठाएंगे। पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए ⏭ शेष पेज 7 पर

### कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं

नीदरलैंड की पोस्टएनएल के प्रवक्ता वाउट विटेवेइन ने बताया कि अमेरिका में शुल्क वसूलने की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। फिर भी प्रशासन इसे लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टएनएल अमेरिकी डाक सेवाओं के साथ मिलकर समाधान निकालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, अगर आपको अमेरिका में कुछ भेजना है, तो आज ही भेज दीजिए।

- अमेरिका में 29 अगस्त से लागू होंगे नए नियम
- फ्रांस, ऑस्ट्रिया में आज और ब्रिटेन कल से उठाएगा कदम



**भारत में आज से सेवा पर रोक**

भारत के संचार मंत्रालय के मुताबिक अमेरिका की टैरिफ लागू करने और वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं है। इसलिए भारत में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगी। भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड कर देगा। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा।

### इधर, निक्की हेली ने कहा- भारत रूसी तेल से जुड़ी ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से ले

न्यूयॉर्क। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा है कि भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। इस मुद्दे का समाधान निकालने के लिए व्हाइट हाउस के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ट्रंप प्रशासन रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत की कड़ी आलोचना करता रहा है। रूस से कच्चे तेल की अपनी खरीद का बचाव करते हुए भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है।

## ओसाका वर्ल्ड एक्सपो के पहले ही दिन छत्तीसगढ़ पवेलियन में उमड़ी भीड़





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ओसाका (जापान) में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो-2025 के पहले दिन ही छत्तीसगढ़ पवेलियन आकर्षण का केंद्र बन गया। उद्घाटन दिवस पर 22 हजार से अधिक दर्शकों ने यहां पहुंचकर छत्तीसगढ़ की विरासत, उद्योग और पर्यटन की अनूठी झलक देखी।

- 22 हजार से अधिक दर्शकों ने किया अवलोकन

भारत सरकार के इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के आमंत्रण पर 24 से 30 अगस्त तक भारत पवेलियन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। भव्य पवेलियन का विधिवत शुभारंभ किया गया। पवेलियन को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि ⏭ शेष पेज 7 पर

**पर्यटन और विरासत की छटा :** पवेलियन में छत्तीसगढ़ की धरती की सुंदरता और धरोहर को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। नवा रायपुर, देश का पहला ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, जिसे निवेश और औद्योगिक प्रगति के लिए तैयार किया गया है, यहां विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक पहचान चित्रकोट जलप्रपात ने भी सबका ध्यान खींचा। भारत का सबसे चौड़ा जलप्रपात होने के कारण इसे "भारत का नियाग्रा" कहा जाता है।

**कला और शिल्प की पहचान :** छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी लोककला और हस्तशिल्प में भी झलकती है। पवेलियन में बस्तर की ढोकरा कला-4000 वर्ष पुरानी, जीआई टैग प्राप्त धातु शिल्प-अपने अनगढ़ सौंदर्य और मौलिकता से सबको आकर्षित कर रही है। इसी तरह कोसा सिल्क, जिसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा कहा जाता है, पवेलियन ⏭ शेष पेज 7 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### फिर ठप हुई एयरटेल की सर्विसेज, यूजर्स परेशान

नई दिल्ली। एयरटेल की सर्विसेज देशभर में एक बार फिर से डाउन हो गई हैं। लोग न वॉयस कॉलिंग कर पा रहे हैं और न ही इंटरनेट चला पा रहे हैं। घरों में लगे ब्रॉडबैंड भी अचानक बंद हो गए।

## अनिल को डबल झटका, अब बैंक ऑफ इंडिया ने भी आरकॉम को बताया 'फ्रॉड'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक के बाद, बैंक ऑफ इंडिया ने भी दिवालिया हो चुकी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है और इस मामले में कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी लिया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 2016 में कथित तौर पर धन के हेरफेर का हवाला दिया है।

- एक दिन पहले एसबीआई ने बताया था धोखाधड़ी करने वाला



**एक दिन पहले सीबीआई ने मारा था छापा :** सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी के आवास से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई ने कहा कि एसबीआई द्वारा कथित हेराफेरी के चलते 2,929.05 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा किया है।

### अंबानी के प्रवक्ता ने कहा- करेंगे बचाव

अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने एक बयान में सभी आरोपों और अभियोगों का पुरजोर खंडन किया। उन्होंने कहा कि वह अपना बचाव करेंगे। प्रवक्ता ने कहा, एसबीआई द्वारा दर्ज की गई शिकायत 10 साल से भी ज्यादा पुराने मामलों से संबंधित है। उस समय अंबानी कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे और कंपनी के दैनिक प्रबंधन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

*22 साल पुरानी फाइल हुई बंद*

## सीबीआई ने लौटाए 2003 के जोगी केस के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी से जुड़े बहुचर्चित 2003 के कथित घूसकांड का अध्याय अब पूरी तरह कानूनन बंद हो गया है। सीवीआई ने इस मामले से संबंधित जब्त दस्तावेज़ जोगी परिवार को आज वापस कर दिए हैं। ये दस्तावेज आज उनकी पत्नी एवं पूर्व विधायक ⏭ शेष पेज 7 पर



**राजनीतिक महत्व :** यह कदम इस बात का संकेत है कि अब इस मामले की औपचारिक फाइल बंद हो रही है। राजनीतिक गलियारों में माना ⏭ शेष पेज 7 पर

### लंबा मुकदमा और बरी

करीब 13 साल चली सुनवाई के बाद 2016 में दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत ने अजीत जोगी, अमित जोगी समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने तब कहा था कि सीबीआई पर्याप्त सबूत पेश करने में असफल रही। इसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

## कोईमेंटा पहाड़ियों में मिला कंट्रीमेड हथियार, लांचर के साथ विस्फोटक



- बड़े हमले की फिराक में थे नक्सली
- दुर्गम पहाड़ियों के बीच सामान बरामद

सुकमा। सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुकमा के मेट्टागुड़ा कैंप से निकली संयुक्त टीम ने घने जंगल और दुर्गम पहाड़ियों के बीच नक्सलियों का बड़ा डंप बरामद किया है। कोईमेंटा इलाके में पहाड़ के दरख्तों के बीच नक्सलियों ने ⏭ शेष पेज 7 पर

## भारत ने तैयार कर लिया अपना सुदर्शन

# 150 किमी ऊंचाई तक मिसाइलों को कर देगा तबाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत ने उभरते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा तट से एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। भारत का विकसित किया जा रहा उन्नत मिसाइल डिफेंस सिस्टम 'सुदर्शन चक्र' अपनी तकनीकी क्षमताओं के कारण बेहद खास है। यह सिस्टम 2500 किमी तक की रेंज में दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट करने में सक्षम होगा। 150 किलोमीटर की ऊंचाई तक हवा में किसी भी मिसाइल को इंटरसेप्ट कर सकेगा।

*भारत ने एकीकृत हवाई रक्षा प्रणाली का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया*

**2500** किलोमीटर तक की रेंज

**50,000** करोड़ रुपए की लागत



*5 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से दागेगा मिसाइल*

*सुदर्शन चक्र 5 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से मिसाइल दाग सकता है। इसकी संरचना एक ग्राउंड-बेस्ड और स्पेस-बेस्ड हाइब्रिड सिस्टम पर आधारित है, जिसमें सैटेलाइट और रडार नेटवर्क दोनों शामिल हैं। इसका लक्ष्य दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और हाइपरसोनिक हथियारों को निष्क्रिय करना है। सरकार ने इसे 2026 तक पूरी तरह से तैनात करने का लक्ष्य रखा है और इसकी अनुमानित लागत करीब 50,000 करोड़ रुपए बताई जा रही है।*

### रक्षामंत्री ने दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएडीडब्ल्यूएस के सफल विकास और परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस अनूठे उड़ान परीक्षण ने हमारे देश की बहुस्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित किया है। यह दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण सुविधाओं के लिए क्षेत्र रक्षा को मजबूत करेगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने सफल उड़ान परीक्षणों में शामिल सभी टीमों को बधाई दी है।



## परीक्षण के लिए क्रू कैप्सूल को चिनूक हेलीकॉप्टर से उतारा गया

नई दिल्ली। इसरो ने गगनयान मिशन के लिए पैराशूट डिसेलेरेशन सिस्टम का प्रदर्शन करने के लिए पहला एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट (आईएडीटी-01) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। परीक्षण के लिए क्रू कैप्सूल को चिनूक हेलीकॉप्टर से उतारा गया, जो इसरो, डीआरडीओ, वायु सेना, नौसेना और तटरक्षक बल का एक संयुक्त प्रयास था। आईएडीटी के लिए क्रू मॉड्यूल अक्टूबर 2023 में केसीपी–हैवी इंजीनियरिंग यूनिट द्वारा इसरो को सौंप दिया गया था। इसरो ने आईएडीटी के लिए दो मॉड्यूल संरचनाओं के निर्माण का ऑर्डर दिया है। गगनयान क्रू मॉड्यूल, पृथ्वी पर लौटते समय अंतरिक्ष यान के वेग को कम करने के लिए 10 पैराशूटों की एक श्रृंखला का उपयोग करता है, ताकि समुद्र में हल्की स्पलैशडाउन हो सके।

# इसरो का एक और कारनामा, गगनयान मिशन के लिए पहला हवाई ड्रॉप टेस्ट सफल



### इसरो ने किया सफल परीक्षण

आईएडीटी तैयार करने में काफी समय लगा है, जिसे क्रू मॉड्यूल संरचना की डिलीवरी के बाद पैराशूट सिस्टम असेंबली और उत्प्लावन वृद्धि प्रणाली से सुसज्जित किया जाना था। श्रीहरिकोटा में इसरो के अंतरिक्ष केंद्र के हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर के साथ विद्युत परीक्षण किए गए। इसरो को इलेक्ट्रॉनिक्स को भी एकीकृत करना पड़ा, जिसमें सिम्युलेटेड क्रू मॉड्यूल हार्डवेयर केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) से आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा ले जाया गया। यह संरचना स्वयं चेन्नई में निर्मित की गई थी। परीक्षण के दौरान पैराशूट प्रणालियां नाममात्र रूप से काम करती रहीं।

### इसरो का गगनयान कार्यक्रम है खास

*आईएडीटी परीक्षण भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम में एक मील का पत्थर है, जिसका उद्देश्य मनुष्यों को पृथ्वी की कक्षा तक पहुंचाने के लिए आवश्यक अंतरिक्ष परिवहन हार्डवेयर विकसित करना है। इस हार्डवेयर का प्रदर्शन आठ उड़ानों, तीन चालक दल और पांच गैर-चालक दल मिशनों की श्रृंखला के माध्यम से किया जाएगा, जो वर्तमान स्वरूप में गगनयान कार्यक्रम का निर्माण करेगा।*



### वाणिज्यिक उड़ाने प्रदान करने की योजना

मनुष्यों को विश्वसनीय और सुरक्षित रूप से पृथ्वी की कक्षा तक पहुंचाने और उन्हें वापस लाने की क्षमता भारत को भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का संचालन करने में सक्षम बनाएगी, जिसे वह 2035 तक संचालित करने की योजना बना रहा है, जिसका पहला मॉड्यूल 2028 में तैनात करने का लक्ष्य है, जो गगनयान कार्यक्रम का भी एक हिस्सा है। इसरो अंतरिक्ष पर्यटकों के लिए वाणिज्यिक उड़ानें प्रदान करने की भी योजना बना रहा है।

### भारत की यात्रा में नए अध्याय का प्रतीक



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य चयनित गगनयात्रियों को रविवार को "रत्न" बताया और कहा कि गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में एक "नए अध्याय" का प्रतीक है। सिंह ने यहां सुब्रतो पार्क में भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में चार गगनयात्रियों को सम्मानित किया। यह समारोह 'एक्सिओम 4' मिशन की सफलता के बाद आयोजित किया गया है जिसमें शुक्ला भी शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### कोंकण रेलवे की पहली 'रो-रो कार' ट्रेन गोवा पहुंची



**पणजी।** निजी कारों के लिए कोंकण रेलवे की विशेष 'रोल ऑन-रोल ऑफ' (रो-रो) ट्रेन महाराष्ट्र से अपनी पहली यात्रा पूरी करते हुए रविवार तड़के गोवा पहुंची। कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने महाराष्ट्र के कोंकण और गोवा क्षेत्र में गणेश महोत्सव सीजन से पहले यात्रा को आसान बनाने के लिए निजी कारों और उनके यात्रियों के लिए यह विशेष सेवा शुरू की है। केआरसीएल के उप महाप्रबंधक बबन घाटगे ने कहा कि चार कारों को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में कंकावली के पास नंदगांव में उतारा गया।

### मां ने तीन बच्चों को जहर देकर खुद भी निगला

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के मारकुंडी थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने तीन बच्चों को जहर देने के बाद खुद भी जहर निगल लिया, जिससे महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गांव इटवां डुडैला में शनिवार शाम बब्बू यादव की पत्नी ज्योति यादव (28) ने अपने बच्चों बुलबुल (एक), चंद्रमा (तीन) और दीपचंद्र (पांच) को जहर खिलाने के बाद खुद भी जहर निगल लिया।

### एक करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, पांच लोग गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में पांच संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की मेथमफेटामाइन की गोलियां जब्त की गई हैं।



पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम ने शनिवार को लिलोंग उशोइपोकपी थारोरोक में एक अभियान के दौरान छापेमारी की, जिसके बाद एक आरोपी के घर से 2.27 किलोग्राम याबा टैबलेट (मेथमफेटामाइन) बरामद की गईं, जबकि दूसरे तस्कर के घर से 45 ग्राम मादक पदार्थ जब्त हुआ।

## रूसी हमलों से बौखलाए यूक्रेन का भीषण पलटवार

### कुर्स्क क्षेत्र के परमाणु संयंत्र पर किया ड्रोन अटैक

# यूक्रेन ने रूस पर किया भीषण हमला न्यूक्लियर प्लांट के पास ड्रोन अटैक

*रूसी हमलों से बौखलाए यूक्रेन ने मॉस्को पर भीषण हवाई हमला किया है। रूस ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन ने शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात उसके पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में स्थित एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र समेत कई महत्वपूर्ण ठिकानों को ड्रोन हमलों से निशाना बनाया। रूस के अनुसार, हमलों के चलते एक परमाणु संयंत्र में आग लग गई, हालांकि विकिरण स्तर नियंत्रण में है और कोई जनहानि नहीं हुई है।*

एजेंसी ▸▸| मॉस्को

रूस ने रविवार को यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने रूस के पश्चिमी क्षेत्र कुर्स्क में स्थित एक परमाणु बिजली संयंत्र पर ड्रोन हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता के 34 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा था। रूसी अधिकारियों के अनुसार, रातभर कई ऊर्जा और बिजली ठिकाने ड्रोन हमलों का शिकार बने। कुर्स्क स्थित संयंत्र में आग लग गई थी, लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रूसी अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले से संयंत्र का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ, हालांकि विकिरण का स्तर सामान्य रहा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि उसे इस घटना की जानकारी मिली है, लेकिन स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। एजेंसी प्रमुख राफेल मरियानो ग्रोसी ने कहा कि हर हाल में परमाणु ठिकानों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। यूक्रेन ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।



### यूक्रेन मना रहा 34वां स्वतंत्रता दिवस

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब यूक्रेन अपनी स्वतंत्रता की 34वीं वर्षगांठ मना रहा है। रूसी अधिकारियों ने बताया कि देर रात किए गए इन हमलों में विशेष रूप से ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'टेलीग्राम' पर पोस्ट के जरिए अधिकारियों ने बताया कि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया और हालात नियंत्रण में हैं। हालांकि, एक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ है।

### स्वतंत्रता दिवस पर जेलेंस्की का संदेश

कीव के स्वतंत्रता चौक से वीडियो संदेश में राष्ट्रपति जेलेंस्की ने देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन एक ऐसा भविष्य बना रहा है जहां सुरक्षा और शांति के साथ जीवन संभव होगा। जेलेंस्की ने कहा कि हमारा भविष्य केवल हमारे हाथ में है। उन्होंने अमेरिका-रूस की हाल की अलास्का बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया यूक्रेन को सम्मान देती है और उसे बराबरी से देखती है।

### सहयोग और मोर्चे पर लड़ाई

इस मौके पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भी कीव पहुंचे और जेलेंस्की से मुलाकात की। वहीं नॉर्वे ने यूक्रेन को सात अरब क्रोनर (करीब 695 मिलियन डॉलर) की नई सैन्य मदद का ऐलान किया, जिसमें जर्मनी के साथ मिलकर दो पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं। इसी बीच, पूर्वी मोर्चे पर डोनेस्क क्षेत्र में लड़ाई जारी रही। रूस का दावा है कि उसकी सेना ने यहां दो गांवों पर कब्जा कर लिया है।

### शांति वार्ता पर रूस बोला- यूक्रेन में किसी की सेना बर्दाश्त नहीं

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रुकवाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप लगातार प्रयास में जुटे हैं। वहीं रूस का कहना है कि पश्चिमी देश यूक्रेन शांति वार्ता के बीच बाधा बन रहे हैं। रूसी विदेश मंत्री सरजेई लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश नहीं चाहते कि यूक्रेन में चल रहा युद्ध रुक जाए। वह ऐसी हरकतें कर रहे हैं जिससे शांति वार्ता ना हो सके। डोनाल्ड ट्रंप किसी तरह रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत करवाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि दोनों देश एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं और बातचीत से किनारा कर लेते हैं।



रूसी विदेश मंत्री ने एक टीवी इंटरव्यू में पश्चिमी देशों को टारगेट करते हुए कहा कि वे कोई ना कोई बहाना करके बातचीत को बंद करवा देते हैं। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को निशाने पर लेते हुए कहा कि वह अपनी शर्तों पर राष्ट्रपति पुतिन से मिलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन ने मिलकर वार्ता का जो प्लैटफॉर्म तैयार किया है, यूक्रेन उसे खत्म करने पर तुला है। लावरोव ने कहा कि पुतिन और ट्रंप की वार्ता के बाद उम्मीद दिखी थी। हमें अब भी उम्मीद है कि यूक्रेन को बात समझ में आएगी। बता दें कि वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पुतिन से मुलाकात करने के लिए शर्त रखी है।

## सीएम फडणवीस बोले- 26 लाख लाभार्थियों की होगी जांच

# 'लाडकी बहिन योजना' के अवैध दावेदारों पर गिरेगी गाज

एजेंसी ▸▸| नागपुर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार कुछ लोगों द्वारा 'लाडकी बहिन योजना' के तहत अवैध रूप से लिए जा रहे लाभों पर रोक लगाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत कथित तौर पर मासिक लाभ का दावा करने वाली 26 लाख से अधिक लाभार्थियों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, कुछ लोग अवैध तरीके से योजना का लाभ उठा रही हैं जिसे रोका जाएगा। इस योजना के तहत प्रति परिवार 21 से 65 वर्ष की आयु की केवल दो महिलाओं को ही लाभ मिलता है। ऐसे मामले सामने आए हैं जहां एक ही परिवार की दो से ज़्यादा महिलाओं, या इस आयु वर्ग से बाहर की महिलाओं ने 1,500 की मासिक राशि का लाभ उठाया है।



### 26 लाख लाभार्थियों की होगी जांच

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार किसी भी अवैध दावे को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसलिए राज्य सरकार ने एक बड़े स्तर पर जांच अभियान शुरू किया है। इसमें 26 लाख लाभार्थियों के दावों की गहन पड़ताल की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी को गलत तरीके से लाभ उठाते पाया गया तो उसका खाता तुरंत बंद कर दिया जाएगा और उससे वसूली भी की जा सकती है।

### भ्रष्टाचार और गड़बड़ी रोकने का प्रयास

योजना में गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद सरकार ने जांच का आदेश दिया। अधिकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में लोग गलत जानकारी देकर योजना का लाभ उठा रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि इस तरह की गड़बड़ी पर रोक लगाई जाए और केवल पात्र महिलाओं तक ही सहायता पहुंचे।

### सख्त कार्रवाई की तैयारी

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर महीने मिलने वाले 1,500 रुपये की आर्थिक मदद सही हाथों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच पूरी होने के बाद अवैध दावेदारों को लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। सरकार जल्द ही एक रिपोर्ट जारी करेगी जिसमें यह स्पष्ट होगा कि कितने लोग योजना का गलत तरीके से फायदा उठा रहे थे।

# आदिवासियों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर पूर्व सीएम सोरेन नजरबंद

### राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान विस्तार परियोजना का विरोध

एजेंसी ▸▸| रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता चंपई सोरेन को एक सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आदिवासी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था की समस्या से बचने के लिए रविवार को नजरबंद कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने रांची के नगरी इलाके में प्रस्तावित परियोजना स्थल से उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। हालांकि, इस दावे की पुष्टि के लिए पुलिस से संपर्क



नहीं हो सका। पुलिस ने बताया कि चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को उनके समर्थकों के साथ एक थाने में हिरासत में रखा है। वह रांची जा रहे थे। रांची (शहर) के पुलिस उपाधीक्षक के. वी. रमन ने बताया, आदिवासी संगठनों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर चंपई सोरेन को नजरबंद किया गया है।

### हल जोतो, रोपा रोपो का आह्वान

झारखंड में 20 से अधिक आदिवासी संगठनों, किसानों और जमीन मालिकों ने रविवार को उस जगह पर विरोध प्रदर्शन 'हल जोतो, रोपा रोपो' का आह्वान किया था, जहां 1,074 करोड़ रुपए की लागत से राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)- 2 अस्पताल परियोजना प्रस्तावित है। रिम्स-2 का तात्पर्य राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के विस्तार से है, जो राज्य की एक प्रमुख स्वास्थ्य सुविधा है। नगरी क्षेत्र की ओर जाने वाली सड़कों पर अवरोधक लगाए होने के बावजूद, विभिन्न गांवों से प्रदर्शनकारी, किसान और भूमि मालिक प्रस्तावित स्थल पर एकत्रित हुए, जिनके हाथों में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तस्वीर और उनके संदेश 'हरवा तो जोतो ना यार...कैसे बचेगा?' वाले पोस्टर थे।

# राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं : शाह

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि संसद या विधानसभाएं चर्चाओं और परिचर्चाओं के स्थान हैं, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सत्र को चलने नहीं देना ठीक नहीं है। शाह ने यह टिप्पणी ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए की। इससे तीन दिन पहले संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों के बाद बार-बार व्यवधान और स्थगन के कारण बहुत कम कामकाज हो पाया। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि जब संसद में सीमित चर्चा-परिचर्चा होती है, तो राष्ट्र निर्माण में सदन का योगदान प्रभावित होता है।



लोकतंत्र में चर्चा-परिचर्चा होनी ही चाहिए, लेकिन किसी के संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विरोध जताने के नाम पर सदन को चलने न दिया जाए, यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि 100 वर्ष पहले आज ही के दिन, महान स्वतंत्रता सेनानी विट्ठलभाई पटेल को केंद्रीय विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिससे भारत के विधायी इतिहास की शुरुआत हुई। शाह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के भाई विट्ठलभाई पटेल का योगदान समय के साथ फीका पड़ गया।

### समस्याओं को सुलझाने के लिए विचार-मंथन सबसे अच्छा तरीका

उन्होंने कहा, अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी सदस्य इन भवनों में विचार व्यक्त करते हैं, तभी यह एक जीवंत इकाई बनती है, जो देश और राज्यों के हित में काम करती है। स्पीकर को अभिभावक के साथ-साथ सेवक भी बताते हुए शाह ने कहा कि लोकतंत्र में लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए विचार-मंथन सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून का उद्देश्य हमेशा जनता का कल्याण, देश का समावेशी विकास, प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करना, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा होना चाहिए। शाह ने केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल को श्रद्धांजलि भी दी।

### विपक्ष को हमेशा रहना चाहिए संयमित

शाह ने कहा, विपक्ष को हमेशा संयमित रहना चाहिए। विरोध जताने के नाम पर अगर सदन को दिन-प्रतिदिन या सत्र-दर-सत्र चलने नहीं दिया जाएगा, तो यह ठीक नहीं है। देश को इस पर विचार करना होगा, लोगों को इस पर विचार करना होगा और निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी परिचर्चाओं में कुछ न कुछ सार्थकता होनी चाहिए और सभी को अध्यक्ष पद की गरिमा व सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें जनता के मुद्दों को उठाने को लेकर एक निष्पक्ष मंच प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों के तर्क निष्पक्ष होने चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन का संचालन संबंधित सदन के नियमों और विनियमों के अनुसार हो।

## पंजाब सरकार झूठ फैलाने की कर रही कोशिश : जोशी

# केंद्र ने पंजाब खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों की संख्या हटाने से किया इंकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्र ने रविवार को कहा कि उसने पंजाब में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत एक भी लाभार्थी का नाम नहीं हटाया है और न ही खाद्यान्न कोटा कम किया है। केंद्र ने राज्य सरकार से केवल निर्धारित मानदंडों के आधार पर लाभार्थियों की दोबारा जांच करने को कहा है ताकि पात्र दावेदारों को लाभ मिल सके। इससे पहले, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ में शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया था कि उनकी सरकार को केंद्र से एक रिपोर्ट मिली है, जिसमें पंजाब में 8,02,493 राशन कार्ड धारकों के नाम हटाने की बात कही गई है, क्योंकि वे अब पात्र नहीं हैं। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि पंजाब सरकार झूठ फैलाने की कोशिश कर रही है। जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, केंद्र सरकार ने पंजाब में किसी भी लाभार्थी का नाम हटाने का कोई निर्देश नहीं दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013 के तहत 1.41 करोड़ गरीब लोग खाद्यान्न पाने के हकदार हैं और केंद्र इन सभी लाभार्थियों के लिए खाद्यान्न आवंटित कर रहा है। जोशी ने कहा, हमने आवंटन में एक किलो भी कमी नहीं की है।



### 10 लाख से ज्यादा लाभार्थी संदिग्ध

उन्होंने इस मामले में विस्तार से बताते हुए कहा कि केंद्र ने अप्रैल 2023 में सभी राज्यों को एनएफएसए के तहत सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी करने के लिए लिखा था। समय सीमा जून 2025 थी और पंजाब सरकार ने 90 प्रतिशत लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर ली है। जोशी ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 10 लाख से ज्यादा लाभार्थी संदिग्ध हैं। इसका मतलब है कि अनाज कालाबाजारी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंजाब में लगभग 9.45 लाख लाभार्थी ऐसे हैं जिनकी सालाना आय छह लाख रुपए से ज्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पंजाब सरकार को लाभार्थियों का आंकड़ा ठीक करना चाहिए। जो लोग पात्र नहीं हैं, उनके नाम हटाए जाने चाहिए और उन योग्य गरीबों के नाम शामिल किए जाने चाहिए जिन्हें राशन नहीं मिल रहा है। जोशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी शासित पंजाब सरकार गलत लाभार्थियों को अनाज दिए जाने को रोकने के बजाय केंद्र पर आरोप लगा रही है।






MARUTI SUZUKI
NEXA
INDULGENT COMFORT.
UNCOMPROMISED SAFETY.
Experience total peace of mind with plush interiors and 6 airbags.
6 AIRBAGS AS STANDARD
XL6
XL6
6 AIRBAGS
360 VIEW CAMERA
6-SPEED AUTOMATIC TRANSMISSION WITH PADDLE SHIFTERS
TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM
VENTILATED SEATS
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS OF UP TO ₹ 60 000**
SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. **Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). Above offers are valid till 31st August 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

## चिंतन

# भारत को सचेत आर्थिक सुधारों की त्वरित जरूरत

मौजूदा खौफनाक टैरिफ दौर में भारत को अपने सचेत आर्थिक सुधारों की जरूरत है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए आर्थिक सुधारों का खाका पेश किया है। इससे पहले भी अनेक अर्थशास्त्रियों, वित्तीय संगठनों ने भारत में अगले चरण के आर्थिक सुधार में तेजी लाने का सुझाव दिया है। इसी वर्ष फरवरी में विश्व बैंक ने भारत को चिली, दक्षिण कोरिया, पोलैंड का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए तेजी से नए सुधार की जरूरत है। वर्ष 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे बाद की सरकारों ने आगे बढ़ाया। अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सुधारों में और तेजी आई। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आई तो कई सुधार किए गए। जनधन, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जीएसटी, नोटबंदी, पीएलआई, एफडीआई नियमों में ढील समेत अनेक सुधार किए गए, लेकिन कुछेक वर्षों से देश में आर्थिक क्षेत्र में नीतिगत स्टैगनेशन है। अभी जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में उच्च टैरिफ वार छेड़ा है, उससे वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। इसी के साथ भारत ने जो अपने लिए वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे देखते हुए देश में अगले चरण के आर्थिक सुधार की शिद्दत से जरूरत महसूस हो रही है। सीआईआई ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में सुधार का जो खाका पेश किया है, उसमें सरलीकृत जीएसटी संरचना, गैर-रणनीतिक सावजनिक उपक्रमों का निजीकरण, युक्ति संगत शुल्क संरचना, विवादों के शीघ्र समाधान, राष्ट्रीय रोजगार और गिग अर्थव्यवस्था नीतियों पर जोर दिया गया है। सुधार के क्षेत्रों में राजकोषीय सूझबूझ, मुद्रास्फीति प्रबंधन और आधुनिक सांख्यिकीय प्रणालियां, गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, एक संप्रभु धन कोष का निर्माण, छोटे उल्लंघनों का गैर-अपराधीकरण, समयबद्ध अनुमोदन, एकल-खिड़की मंजूरी और दूसरी पीढ़ी के आईबीसी सुधार, सुव्यवस्थित श्रम संहिताएं, न्यूनतम वेतन रूपरेखा और त्वरित विवाद समाधान शामिल हैं। उद्योग मंडल ने ऊर्जा नीति सुधारों की भी सिफारिश की है, जिनमें प्रतिस्पर्धी शुल्क, क्रॉस-सब्सिडी यानी एक की कीमत पर दूसरे को सब्सिडी की व्यवस्था समाप्त करने, मजबूत पारेषण नेटवर्क, परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी और हरित हाइड्रोजन खाका की बात है। 15 अगस्त को लाल किले से पीएम मोदी ने जीएसटी में सुधार का ऐलान किया और सरकार जीएसटी के चार से दो स्लैब करने की तैयारी कर रही है। विश्व बैंक ने फरवरी की रिपोर्ट में कहा था कि भारत को 2047 तक उच्च आय की स्थिति तक पहुंचने के लिए 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसतन 6.3 प्रतिशत की विकास दर रही है। संकेत साफ है कि जीडीपी में गति लाने के लिए धरेलू खपत के साथ निर्यात अर्थव्यवस्था की रफ्तार निरंतर बनाए रखनी होगी। भारत को सार्वजनिक व निजी निवेश में जीडीपी के 40 फीसदी तक वृद्धि, एफडीआई के नए द्वार खोलने, श्रम शक्ति भागीदारी को 70 फीसदी के स्तर पर ले जाना, नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, स्ट्रक्चरल सुधार व प्रौद्योगिकीकरण में तेजी, राज्यों में आर्थिक समावेशन व गतिविधियों को तेज करने के साथ उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाना होगा। निर्यात के लिए एफटीए के जरिये नए बाजार का जाल तैयार करना होगा।



सियासत
राज कुमार सिंह

# उप-राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणायन राजनीति

उप राष्ट्रपति चुनाव में मुख्यत: उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा। उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है।

उप राष्ट्रपति चुनाव ने भारतीय राजनीति को दक्षिणायन बना दिया है। मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। पहले झारखंड और फिर महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने से पूर्व राधाकृष्णन मूलतः भाजपा के नेता रहे हैं। रेड्डी पर अभी तक राजनीतिक पहचान का ठप्पा नहीं रहा है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश रहने के बाद वह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी रह चुके हैं। राष्ट्रपति- उप राष्ट्रपति का पद संवैधानिक माना जाता है, लेकिन उसके लिए चुनाव राजनीतिक तिकड़मों से मुक्त नहीं रह पाता।

'मिसाइल मैन' अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने जैसे उदाहरण अपवादस्वरूप ही हैं। बेशक उसका श्रेय भाजपा को जाता है। एक महीने पहले 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के बीच ही रहस्यमयी इस्तीफे के चलते इस उप राष्ट्रपति चुनाव की नौबत आयी है। जैसा कि अक्सर होता है, धनखड़ के इस्तीफे के तुरंत बाद मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक में इस पद के लिए राजग के संभावित उम्मीदवार की अटकलें शुरू हो गयी थीं। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम से शुरू अटकलें बाद में संघ-भाजपा के निष्ठावानों के नामों पर सिमट गयीं। जनता दल से राजनीति शुरू कर कांग्रेस के रास्ते भाजपा में आये धनखड़ के साथ कटु अनुभव के बाद पार्टी ने वैसा जोखिम नहीं उठाया। वैसे सीपी राधाकृष्णन के चयन से इस धारणा को बल मिला है कि दौड़ में आगे बताये जाने वाले अक्सर भाजपा में मंजिल तक नहीं पहुंच पाते। हां, राज्यपाल रहे व्यक्ति को राष्ट्रपति–उप राष्ट्रपति बनाने का भाजपाई रुझान बरकरार है। पहले बिहार के उप राज्यपाल रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो फिर पश्चिम बंगाल के उप राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति और अब महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन की बारी है। नौ सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा (पूर्व में जनसंघ) के प्रति निष्ठावान रहे राधाकृष्णन पर दांव के मूल में दक्षिण भारत में राजनीतिक बिसात बिछाने की कवायद भी साफ समझी जा सकती है। केंद्र समेत तमाम राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा का दक्षिण भारत में एकमात्र सत्ता-दुर्ग कर्नाटक ही बन पाया था, जो 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छीन लिया। इसलिए तमिलनाडु के प्रभावशाली ओबीसी समुदाय से आने वाले राधाकृष्णन को उम्मीदवार बना कर भाजपा ने दक्षिण में अपने प्रसार की रणनीति भी बनायी है। तमिलनाडु की राजनीति दशकों से द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्दगिर्द घूमती रही है, लेकिन जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक के बिखराव में भाजपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है। दूसरे, तमिल उम्मीदवार के चलते वहां के सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर भी समर्थन के लिए दबाव बनाने की रणनीति भाजपा की रही होगी। द्रमुक विपक्षी गठबंधन इंडिया का मजबूत घटक दल है और उसकी सरकार की केंद्र सरकार से तल्खी



किसी से छिपी नहीं है। फिर भी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का दबाव दिखा, जब द्रमुक ने तमिलनाडु से ही 'इंडिया' का उम्मीदवार बनाने की इच्छा जतायी। कुछ नामों पर विचार भी हुआ, लेकिन टीएमसी की गैर राजनीतिक उम्मीदवार की इच्छा ने बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी के द्वार खोल कर उप राष्ट्रपति चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

रेड्डी भी दक्षिण भारत से ही आते हैं, लेकिन तमिलनाडु के बजाय आंध्र प्रदेश से, जहां अब चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राजग सरकार है। नीतीश कुमार की तरह पाला बदल के लिए चर्चित नायडू की पार्टी टीडीपी की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनवाने में बड़ी भूमिका रही है। अगर तमिल उम्मीदवार से द्रमुक पर समर्थन का दबाव बन सकता है, तब क्या तेलुगु उम्मीदवार से टीडीपी समेत अन्य तेलुगु दलों पर समर्थन का दबाव नहीं बनेगा? मुख्य विपक्षी दल वाईएसआरसीपी राजग और 'इंडिया' के बीच तटस्थ रही है, पर उप राष्ट्रपति चुनाव में उसे किसी एक उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला करना ही पड़ेगा। फिर आंध्र प्रदेश के अलावा तेलंगाना भी तेलुगु राज्य है। वहां अब कांग्रेस की सरकार है, पर मुख्य विपक्षी बीआरएस के पास भी राज्यसभा में चार सांसद हैं। बेशक उप राष्ट्रपति चुनने वाले लोकसभा और राज्यसभा सांसदों में बहुमत का गणित भाजपा के पक्ष में साफ नजर आता है, पर लगभग सवा सौ सांसद उन दलों के भी हैं, जो खुद को तटस्थ कहते हैं, लेकिन तटस्थता का राग इस चुनाव में तो छोड़ना ही पड़ेगा। जाहिर है, देश के नये उप राष्ट्रपति, जो राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं, के चुनावी समीकरण को तटस्थ दलों की भूमिका काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। विपक्ष के लिए पहला शुभ संकेत यही है कि संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले कांग्रेस से तल्खी के चलते 'इंडिया' से नाता तोड़ लेने वाली आप ने सुदर्शन रेड्डी के समर्थन का ऐलान किया है। टीएमसी के गैर राजनीतिक उम्मीदवार के सुझाव के पीछे निश्चय ही दलगत राजनीति से परे भी समर्थन जुटा सकने की रणनीति रही होगी। दरअसल विपक्ष उप राष्ट्रपति चुनाव को दो विचारधाराओं का मुकाबला बना कर अपने अंतर्विरोधों को छिपाते हुए आने वाले चुनावों के लिए राजनीतिक ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को गति देना चाहता है। पिछले उप राष्ट्रपति चुनाव से कांग्रेस ने भी सबक सीखा लगता है।

पिछली बार कांग्रेस ने धनखड़ के विरुद्ध संपूर्ण विपक्ष को विश्वास में लिए बिना अपनी नेत्री मारग्रेट अल्वा को उम्मीदवार बनाया था। जिस बैठक में अल्वा का नाम तय हुआ, टीएमसी और आप उसमें शामिल नहीं हुईं। बाद में आप ने तो अल्वा का समर्थन कर भी दिया, लेकिन ममता की टीएमसी दूर ही रही। इस बार कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार विपक्ष पर थोपने की गलती नहीं दोहरायी है। बेशक दोनों की उम्मीदवार इस पद के योग्य हैं। राधाकृष्णन महाराष्ट्र से पहले झारखंड के भी राज्यपाल रह चुके हैं तो रेड्डी गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा।

हां, यह अवश्य विचारणीय है कि अभी तक दूर ही रहे रेड्डी ने एक मुश्किल चुनाव लड़ कर खुद पर राजनीतिक रुझान का ठप्पा लगवाने का जोखिम क्यों उठाया है, क्योंकि उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है। इसीलिए उस पर आसीन व्यक्ति राजनीतिक रुझान से मुक्त कम ही नजर आते हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत




# पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही आपदाएं व इंसानी दखल

बीते कुछ सालों से हिमालय का पर्वतीय अंचल आपदाओं के कहर से दो-चार हो रहा है। वह चाहे 2013 की केदारनाथ की आपदा हो, 2021 में ऋषिगंगा की आपदा हो, सिक्किम की 2023 की ल्होनक में ग्लेशियर झील के फटने की हो, जोशीमठ की भूधंसाव की घटना हो, बीते दिनों धराली और किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना हो या फिर बीते रविवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मंडी में बादल फटने तथा जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भूस्खलन की घटना हो, इन सबके पीछे जलवायु परिवर्तन तो एक अहम कारण है ही। मानसून कहें या मौसम में आये अप्रत्याशित बदलाव, अरब सागर में गर्म होती हवायें, मध्य एशिया में तेजी से बढ़ता तापमान और दक्षिण - पश्चिमी हवाओं का उत्तर की ओर झुकाव के साथ उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्रों में बारिश का तूफानी पैटर्न है। इसके अलावा सबसे बड़ा कारण प्रकृति में इंसानी दखल भी है जिसका खामियाजा हम भीषण तबाही के रूप में साल दर साल ऐसी आपदाओं के नतीजे के रूप में भुगत रहे हैं। अब तो ये आपदायें आये-दिन की बात हो गयी हैं। इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता। असलियत यह है कि यह सब प्राकृतिक आपदायें हमारी नीतिगत विफलताओं का जीता-जागता सबूत हैं जबकि बरसों से समूची दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और समय-समय पर जारी रिपोर्टें, शोध और अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि पहाड़ों पर अवैज्ञानिक और अनियोजित निर्माण, पहाड़ों को काटकर या विस्फोट के जरिए नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं, रेल मार्ग का निर्माण, बेतहाशा खुदाई, नदी-नालों के कुदरती मार्गों में अवरोध पैदा करने से आपदाओं को हम खुद-ब-खुद निमंत्रण दे रहे हैं। किंतु विकास के नाम पर सरकारी लापरवाही का आलम यह है कि संवेदनशील भूस्खलन वाले इलाकों में भी बहुमंजिला इमारतों, आवासीय भवनों, होटलों और सड़कों का निर्माण आज भी अनियंत्रित रूप से निर्बाध गति से जारी है। यहां यह गौरतलब है कि जब धरती की सतह बार-बार खोदी जाती है, पहाड़ों का सीना बारम्बार चीरा जाता है, काटा जाता है, उस स्थिति में बारिश की हर बूंद उस नाजुक धरातल को चीरते हुए बहुत तेजी से बह निकलती है। नतीजतन मिट्टी की पकड़ ढीली पड़ती है और आपदा का आकार कई सौ गुणा बढ़ जाता है। यही वह अहम कारण है कि ऐसी स्थिति में पहाड़ों पर भूस्खलन का दायरा लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। वैज्ञानिक बार-बार चेता रहे हैं कि जलवायु में आ रहे बदलाव और पहाड़ों पर विकास के नाम पर अंधाधुंध निर्माण विनाश का कारण बन रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट साफ-साफ कहती है कि ऊंचे इलाकों में एक डिग्री तापमान बढ़ने पर वर्षा की तीव्रता 15 फीसदी बढ़ जाती है। यह कि जब गर्म समुद्री हवा भारी नमी लेकर हिमालय से टकराती हैं तब पहाड़ उसे रोकते हैं। इससे क्यूम्यलोनिम्बस बादल बनते हैं जो 50,000 फीट ऊंचाई तक जा सकते हैं और जब ये फटते हैं तो अपने साथ पूरी की पूरी घाटी में भीषण तबाही लाते हैं। इस बारे में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और डीआरडीओ की मानें तो हिमालय के ग्लेशियर हर साल औसतन 15 मीटर पीछे खिसक रहे हैं या पीछे हट रहे हैं। कहीं- कहीं कुछ इलाकों में ग्लेशियर के पीछे हटने की दर 20 मीटर से भी ज्यादा है। दरअसल जब-जब और जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, उसके नीचे की जमीन अस्थिर होती जाती है। पिघलती बर्फ, दरकती चट्टानें और अचानक बनने वाली झीलें सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इनके टूटने से भयंकर तबाही आती है, गांव के गांव बह जाते हैं। ये आपदायें आबादी क्षेत्र, बुनियादी ढांचे और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। प्रकृति की संवेदनशीलता के प्रति हमें अति संवेदनशील होना होगा। यदि हम प्रकृति से खिलवाड करेंगे तो निश्चित है कि हमें ऐसी आपदाओं से आये-दिन दो-चार होना पड़ेगा। सरकार के साथ हमारी भी जवाबदेही है। हमें व सरकार को भूविज्ञानियों,पर्यावरणविदों की संस्तुति-चेतावनियों को मानना होगा जिन्हें हम बराबर नकारते आ रहे हैं। उसका खामियाजा हम आज भी भुगत रहे हैं। हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र में भौगोलिक पर्यावरणीय दृष्टि से अर्ली वार्निंग प्रणाली पर तत्काल काम करना होगा और क्षेत्र वार आपदा जोखिम की पहचान के साथ साथ उसके न्यूनीकरण के लिए भी हर समय न केवल तैयार रहना होगा बल्कि उसके लिए प्राथमिकता के आधार पर काम भी करना होगा। यह जानते हुए कि पर्वतीय इलाकों में मैदानी इलाकों की तरह काम नहीं हो सकता। इसके लिए अलग दृष्टिकोण की जरूरत है। इसमें हमें यह ध्यान रखना होगा कि प्रकृति की राह में यदि हम आये तो उसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना होगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत के अंतरिक्ष की ओर बढ़ते कदम

23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 को चांद पर इसरो ने सफलता से उतारकर देश का मान बढ़ाया था। इसी तारीख को यादगार बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की जो घोषणा की और जहां चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा है, उस जगह को शिवशक्ति का नाम दिया। चंद्रयान-3 को संचालित करने में महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर ने जो भूमिका निभाई, उसने एक तो उन लोगों को आईना दिखाया जो बेटियों को कमजोर समझते हैं, दूसरा चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समारोह में इन वैज्ञानिकों ने देश की संस्कृति के अनुसार जो पहनावा पाया था और श्रृंगार किया था, उसने सारी दुनिया को हमारी संस्कृति से परिचित कराया।

*-अनित मिश्रा, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### ई-केवाईसी अनिवार्य



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तथ्यों को सही से समझने की जरूरत है। लाभार्थियों के लिए अनिवार्य ई-केवाईसी का निर्देश उच्चतम न्यायालय ने दिया था और केंद्र केवल राज्यों से इसे लागू करने के लिए कह रहा है।

**- प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय खाद्य मंत्री**

### आपदा का दंश



आपदा का स्वरूप और दायरा बढ़ता जा रहा है, आज प्रदेश के कई जिले आपदा की चपेट में हैं। सरकार से आग्रह है कि आपदा का दंश झेल रहे लोगों के लिए ज़्यादा से ज़्यादा और जल्दी से जल्दी मदद की जाए।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### बदले की राजनीति



श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मामूली आरोपों में हिरासत में लिए जाने पर मैं चिंतित हूँ। मैं श्रीलंका सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह बदले की राजनीति का त्याग करे और अपने पूर्व राष्ट्रपति के साथ उस गरिमा के साथ पेश आए जिसके वे देश के प्रति दशकों की सेवा के बाद हकदार हैं।

**- शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस**

### बैंकों की सख्ती



बैंक जिस तरह ग़रीब किसान से क़र्ज़ के पैसे वसूल रही है अगर वो सख़्ती, भाजपा का प्रश्रय प्राप्त उन खरबपतियों के ख़िलाफ़ दिखाई होती जो कई लाख करोड़ लेकर फरार हो गये तो आज अर्थव्यवस्था, कारोबार और किसानी की इतनी दुर्दशा न होती।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# द. अफ्रीका में एचआईवी के इलाज के लिए जूझ रहे लोग



अमेरिका की ओर से मिलने वाली विदेशी सहायता बंद होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में 'ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) से पीड़ित हजारों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनियाभर में एचआईवी संक्रमितों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण अफ्रीका में है। छह महीने पहले अमेरिका की ओर से दी जाने वाली वाली विदेशी सहायता बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद निशुल्क एचआईवी सेवाएं प्रदान करने वाले कई गैर-लाभकारी क्लीनिक 24 घंटे अंदर बंद कर दिए गए थे, जिसके कारण जोहानिसबर्ग में यौनकर्मियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई थीं। क्लीनिकों के बंद होने की खबर फैलते ही एचआईवी पीड़ित और वे लोग तुरंत जीवन रक्षक दवाएं खरीदने पहुंच गए, जिन्हें एचआईवी होने का खतरा है। देश भर में बंद हुए 12 क्लीनिकों में 63,000 से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा रहा था। ऐसे में 2,20,000 से ज्यादा लोगों को अपनी दैनिक एचआईवी दवा लेने में रुकावट का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने वादा किया है कि वह अमेरिका के सहायता वापस लेने से अपने एचआईवी कार्यक्रम को ध्वस्त नहीं होने देगी। यौनकर्मी दक्षिण अफ्रीका के सबसे असुरक्षित वर्ग के लोग माने जाते हैं क्योंकि उनका काम अवैध है।

## ऑफ बीट

# मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?



हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।



# सनी ने की आर्यन की तारीफ, कहा-चक दे फट्टे

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, 'प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा। चक दे फट्टे'।



लाइफ Style

# नोरा
## मुझे बहुत पसंद है कॉमेडी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ग्लोबल स्टार नोरा फतेही ने अपनी आगामी फिल्म 'उफ्फ ये सियाप्पा' का पहला लुक सोशल मीडिया पर जारी किया। इस फिल्म में नोरा कामिनी के दमदार और आकर्षक किरदार में नजर आएंगी। जो एक ऐसी फिल्म की नींव रखता है, जो अनोखी और मनोरंजक होने का वादा करती है।

यह फिल्म लव रंजन फिल्म्स के बैनर तले बनी है और इसे सोशल मीडिया पर इस कैप्शन के साथ साझा किया गया। नोरा ने बताया कि यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है।

सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, नोरा ने अपनी उत्सुकता ज़ाहिर करते हुए कहा, मैं सुबह 'घोषणा देखकर उठी, एक ऐसी फिल्म, जिस पर मैंने महामारी के अंत के समय काम किया था। काफ़ी वक़्त हो गया है। यह एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है। मैं यह देखने के लिए वाकई उत्साहित हूँ कि यह कैसी बनती है क्योंकि जब हमने इसे शूट किया था, तो हमने इसे बिना किसी डायलॉग के शूट किया था। तो यह एक बहुत ही भावपूर्ण फिल्म है। और यह बहुत ही अभिव्यक्तिपूर्ण फिल्म है। इसमें बेहतरीन कलाकारों की टीम है, कुछ शानदार अभिनेता हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने इसकी शूटिंग के दौरान बहुत मजा किया। यह एक कॉमेडी फिल्म है और आप जानते हैं, मुझे कॉमेडी बहुत पसंद है। इस फिल्म में मेरा किरदार भी बहुत कूल है। मैं इसे देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

हॉलीवुड मसाला



# टायला के सेहत को लेकर उठे सवाल

**लॉस एंजेलिस।** साउथ अफ्रीकन पॉप स्टार टायला का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक पार्टी के बाद सिक्यॉरिटी गार्ड गोद में उठाकर ले जाती दिख रही है। अब ये नजारा लोगों को हैरान कर रहा है। ब्राजील के साओ पाउलो में एक परफॉर्मेंस के बाद की इस घटना में टायला को होश में नहीं देखा गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि ये घटना ब्राज़ील के साओ पाउलो में हुई एक पार्टी के दौरान की है। यहां सिंगर परफॉर्म कर रही थीं।



# मिली बॉबी ब्राउन के घर आई नन्ही परी

लॉस एंजेलिस। नेटफ्लिक्स की पॉपुलर वेब सीरीज स्ट्रेंजर थिंग्स की एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन के घर नन्ही परी ने दस्तक दी है। एक्ट्रेस 21 साल की उम्र में एक बेटी की मां बन गई हैं। इस गुड न्यूज को उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर की है। पोस्ट में मिली ने बताया है कि उन्होंने पति जेक बोंगियोवी के साथ मिलकर एक बेटी को गोद लिया है। इस खबर के आते ही फैंस क्यूट कपल को बधाई दे रहा है। एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'इस गर्मी, हमने को गोद लेकर अपनी बेटी का वेलकम किया है। हम शांति और प्राइवेसी के साथ पेरेंट्स बनने के इस खूबसूरत फेज को शुरू करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।



# सोनाक्षी करेंगी दहाड़-2 से शानदार वापसी

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा दहाड़ से अपना डिजिटल डेब्यू किया था, जिसका निर्देशन कागती ने किया था। यह शो बेहद सफल रहा था और अब यह जोड़ी दहाड़ 2 के लिए फिर से साथ आने वाली है। सूत्रों के अनुसार, रीमा कागती ने दहाड़ 2 की पटकथा तैयार कर ली है और दिसंबर 2025 में शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर रही हैं। स्क्रिप्ट तैयार है और वेब सीरीज़ अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। सोनाक्षी सिन्हा एसआई अंजलि भाटी की भूमिका निभाने के लिए वापसी करेंगी, जबकि अन्य किरदारों की कास्टिंग अभी चल रही है। दहाड़ की तरह, दूसरे सीजन में भी एक दमदार अभिनेता खलनायक की भूमिका में होगा और इसके लिए भी कास्टिंग चल रही है। दहाड़ 2 भारतीय समाज की वास्तविकताओं पर आधारित एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक थ्रिलर के रूप में जारी रहेगा।



# फिल्म धुरंधर के ट्रेलर को मिली मंजूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जब से फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तब से इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज का भी रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि सीबीएफसी की इसे मंजूरी मिल गई है। सीबीएफसी ने धुरंधर के ट्रेलर को यू/ए रेटिंग के साथ मंजूरी दी है। यानी कि अब ट्रेलर रिलीज का रास्त साफ हो गया है। सीबीएफसी की वेबसाइट के अनुसार, ट्रेलर 2 मिनट 42 सेकंड का है। हालांक, निर्माताओं ने अभी तक ट्रेलर की रिलीज तारीख की घोषणा नहीं की है। रणवीर के जन्मदिन के अवसर पर 6 जुलाई को 'धुरंधर' का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ था, जिसे टीजर भी कहा गया था। इस टीजर में रणवीर दमदार अंदाज में दिखे थे।

# मद्रासी का धमाका अब उत्तर भारत में, हिंदी डब 5 सितंबर को होगी रिलीज

**चेन्नई।** साउथ सिनेमा का जादू अब और भी बड़ा होने जा रहा है। प्रख्यात प्रोडक्शन हाउस श्रीलक्ष्मी मूवीज साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म "मद्रासी", लेकर आ रहा है, जो तमिल और तेलुगु के साथ ही हिंदी में होगी। हिंदी वर्जन में इसका नाम 'दिल मद्रासी' है, जो 5 सितंबर को रिलीज होने जा रहा है।

फिल्म का ग्रैंड ऑडियो और ट्रेलर लॉन्च 24 अगस्त को चेन्नई में होगा। फिल्म काडायरेक्शन एआर मुरुगदोस ने किया है। फिल्म में शिवकार्तिकेयन, विद्युत जामवाल, बिजू मेनन, रुक्मिणी वसंत, सुदीप, अरुण और शबीर मुख्य भूमिका में है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है, जिनके गाने पहले ही सोशल मीडिया पर धूम मचा रहे हैं। चार्टबस्टर गाना सलम्बला ने यूट्यूब पर 1.6 करोड़ प्लस व्यूज पार किया है।

21 हजार से अधिक यूट्यूब रील्स और 10 हजार से अधिक इंस्टाग्राम रील्स सिर्फ इस गाने पर बने हैं। फिल्म के गाने सेलविका और तड़पा भी तेजी से वायरल हो रहे हैं। तमिलनाडु से लेकर दिल्ली-लखनऊ तक हर जगह ये गाने यूथ के फेवरेट बन चुके हैं।




### शिवकार्तिकेयन का बढ़ता स्टारडम

फिल्म अमरन के बाद शिवकार्तिकेयन ने हिंदी बेल्ट में अपनी अलग पहचान बनाई है। ओटीटी और सिनेमा दोनों प्लेटफ़ॉर्म्स पर उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। "मद्रासी" उनके इस नए फैनबेस को और मजबूत करने वाली है। कार्मिक फिल्म्स के को-फाउंडर और डिस्ट्रीब्यूटर्स सुनील वाधवा ने कहा कि उत्तर भारत का दर्शक अब साउथ इंडियन एक्शन और ड्रामा को खुले दिल से अपना रहा है। मद्रासी हमारे लिए एक बड़ा सिनेमाई और बिजनेस अवसर है। शिवकार्तिकेयन की बढ़ती लोकप्रियता और एआर मुरुगदोस की ब्रांड वैल्यू मिलकर बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाएंगी। फिल्म का ऑडियो और ट्रेलर लॉन्च 24 अगस्त 2025 को चेन्नई में होगा। हिंदी डब दिल मद्रासी की ऑल इंडिया रिलीज 5 सितंबर को है।

टीवी मसाला

# बिग बॉस 19 का आगाज, घरवाले चलाएंगे 'अपनी सरकार'



**मुंबई।** टेलीविजन का सबसे बड़ा और विवादित रियलिटी शो, बिग बॉस, एक नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। 24 अगस्त को इसका ग्रैंड प्रीमियर है, जिसे सलमान खान होस्ट करेंगे। इस बार शो की थीम 'घरवालों की सरकार' है, जिसमें प्रतियोगियों को फैसले लेने का अधिकार दिया गया है। इस साल, बिग बॉस अपनी पारंपरिक भूमिका से हटकर सिर्फ नियम बनाने तक सीमित रहेगा, जबकि घर के अंदर के सभी फ़ैसले खुद प्रतियोगी लेंगे। दर्शकों के पास वोटिंग का अधिकार पहले की तरह रहेगा, लेकिन शो की पूरी बागडोर अब 'घरवालों' के हाथ में होगी। एंडेमोल शाइन के सीओओ, ऋषि नेगी के अनुसार, इस थीम को पिछले सीजन्स की प्रतिक्रिया और आलोचनाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।



# म्यूजिकल ड्रामा में नजर आएंगी श्रद्धा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर एक बार फिर से सुर्खियों में है। श्रद्धा कपूर को आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई 'स्त्री 2' में देखा गया था। श्रद्धा कपूर और राजकुमार की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड बनाए। लेकिन इसके बाद श्रद्धा कपूर जैसे बड़े पर्दे से गायब ही हो गई। लेकिन खबर है कि जल्द ही श्रद्धा कपूर फिर से नए अवतार में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। उनकी नई फिल्म एक पीरियड म्यूजिकल ड्रामा होगी। चलिए देखते हैं कि श्रद्धा की नई फिल्म कैसी होगी। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर फिर से मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन के साथ करने वाली है। वह मैडॉक फिल्म्स की अगली पीरियड म्यूजिकल ड्रामा में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। ये फिल्म डांसर के जीवन पर आधारित एक अनोखी पीरियड ड्रामा होगी। खबरें हैं कि इस फिल्म के किरदार के लिए श्रद्धा कपूर ने क्लासिकल डांस की स्पेशल ट्रेनिंग शुरू कर दी है। श्रद्धा कपूर की इस फिल्म का डायरेक्शन लक्ष्मण उटेकर करेंगे, उन्होंने ही साल 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' का भी निर्देशन किया था। इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो गया है। फिल्म के मेकर्स इस फिल्म को नवंबर 2025 में फ्लोर पर लाने की प्लानिंग बना रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 6 महीने में पूरी की जाएगी। इसके बाद साल 2026 में फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

बता दें कि खबर थी कि श्रद्धा कपूर 'स्त्री 2' के बाद एकता कपूर की एक फीमेल लीड फिल्म में काम करेंगी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण ये डील रद्द हो गई।


# कांतारा: चैप्टर 1' ने रिलीज से पहले कमाए 100 करोड़

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म 'कांतारा' ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने पूरे भारत में धूम मचा दी थी। अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा: चैप्टर 1' रिलीज के लिए तैयार है, जिससे जुड़े एक-एक अपडेट पर प्रशंसक नजर बनाए हुए हैं। फिल्म के धांसू पोस्टर पहले ही दर्शकों के रोंगटे खड़े कर चुके हैं। अब खबर है कि इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपने तेलुगू राइट्स बेचकर मोटी कमाई कर ली है। 'कांतारा' की सफलता इस बात की गवाही थी कि इसका अगला भाग आएगा तो धमाका होगा और इस धमाके की उम्मीद ने ही इसके निर्माताओं को इतनी तगड़ी कमाई करवा दी है कि आंकड़े देखकर इंडस्ट्री वालों की आंखें फटी की फटी रह जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 125 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म के तेलुगू थिएट्रिकल राइट्स 100 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ कीमत पर बिके हैं।

स्क्रिप्ट की एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि फिल्म करनी है या नहीं

# मिथुन की एक समय में होती थी 65 फिल्में फ्लोर पर, साल में 19 फिल्मों में काम करने का रिकॉर्ड

**मुंबई।** एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में खुलासा किया कि एक समय में उनकी 65 फ़िल्में फ्लोर पर थीं। एक खास बातचीत में मिथुन से पूछा गया कि 80 और 90 के दशक में वह सालाना कितनी फ़िल्में करते थे। सभी को चौंकाते हुए उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक समय में हमारी 65 फ़िल्में फ्लोर पर होती थीं। मेरे नाम एक साल में 19 फ़िल्में रिलीज करने का लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, तो आप उस काम के बोझ का अंदाज़ा लगा सकते हैं। मैं 380 फ़िल्में कर चुका हूं।" उनसे यह भी पूछा गया, "ऐसे दौर में जब ज़्यादातर अभिनेता सालाना कम फ़िल्में करते हैं, आपको इतनी सारी फ़िल्में करते रहने की प्रेरणा क्या देती है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि लोग सिर्फ़ एक फ़िल्म कैसे करते हैं, कहते हैं कि पढ़ते हैं। लेकिन उसके बाद क्या होता है, आप स्क्रिप्ट कितनी बार पढ़ सकते हैं। आपको पूरी फ़िल्म एक ही लाइन में समझ आ जाती है। हमने एक लाइन पढ़ने के बाद ही तय कर लिया था कि हमें फ़िल्म करनी है या नहीं।



### कृपया सच जानें

मिथुन ने कहा कि क्या आप जानते हैं कि नोआखली में क्या हुआ था? यह मेरे जन्म से पहले हुआ था। बस इतना ही पता है कि 'बहुत से लोग मारे गए बस। कलकत्ता नरसंहार के मामले में भी यही हुआ था। कोई नहीं जानना चाहता कि यह कैसे और क्यों हुआ, लेकिन विवेक अग्निहोत्री कह रहे हैं, कृपया सच जानें। मिथुन ने आगे कहा, नोवाखाली में एक नरसंहार हुआ था, जिसमें लगभग 40 हजार हिंदू मारे गए थे, कलकत्ता नरसंहार में भी यही हुआ था, और लोग इसका विरोध करेंगे। यही सच है, और जैसे ही कोई सच की बात करता है, वह राजनीति से प्रेरित हो जाता है। हम इसमें क्या कर सकते हैं?

### *कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता*

*मिथुन ने आगे कहा, अब मैं सिर्फ़ वही फ़िल्में करता हूं, जो मुझे मेहनताना देती हैं। जैसे मैं प्रभास के साथ "फ़ौजी" कर रहा हूं। यह एक देशभक्ति से भरपूर पारिवारिक ड्रामा है, और रजनी (रजनीकांत) के साथ जेलर 2 एक अलग तरह की फिल्म है। प्रजापति 2 एक अलग तरह की फ़िल्म है, इसलिए मेरे लिए यह सब आसान है। मिथुन ने अपनी हालिया फ़िल्म "द बंगाल फ़ाइल्स" को लेकर हुए विरोध और विवाद के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जैसे ही आप सच्चाई दिखाते हैं, वह राजनीति से प्रेरित हो जाती है। उन्होंने कहा, जैसे ही आप हकीकत दिखाते हैं, वह अपने आप राजनीति से प्रेरित हो जाती है। यह आश्चर्यजनक है कि कोई भी हकीकत का सामना नहीं करना चाहता।*

# सीएम धामी ने रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ थराली

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों से रेस्क्यू कर लाए गए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा कि धराली आपदा से प्रभावित बहनों से भेंट कर उनके आंसुओं में छिपा दर्द महसूस किया। इस कठिन घड़ी में उनके साहस को नमन करता हूं। सीएम धामी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार इस संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वहां फंसे प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित निकालने तक राहत और बचाव कार्य जारी रहेगा।

# सरकार आपके साथ खड़ी, हर संभव मदद देंगे




**हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही :** धामी ने कहा कि हमारी सरकार आपदा क्षेत्रों में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। प्रभावित क्षेत्रों में हवाई सेवा के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। बंद सड़कों को खोलने का कार्य भी निरंतर जारी है।

### सेना के जवान बचाव कार्य कर रहे

मुख्यमंत्री धामी ने मीडिया को बताया कि इस आपदा से बहुत नुकसान हुआ है। पूरा क्षेत्र तबाह हो गया है। यहां बादल फटा है और भारी बारिश हुई है। सड़क मार्ग पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गया है। 190 लोगों को उसी दिन तत्काल बचा लिया गया था। अभी तक 274 लोगों को बचा लिया गया है। वहां खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। सेना के लोग बचाव के कार्य में लगे हुए हैं।

## कोटा-बूंदी में फंसे लोगों की मदद कर रहा सेना का हेलीकॉप्टर



कोटा। राजस्थान के कोटा और बूंदी क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। यह जानकारी सूत्रों ने रविवार को दी। भारी बारिश ने राजस्थान के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि प्रभावित इलाकों से सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

## 30 करोड़ की हेरोइन और मारिजुआना जब्त, 3 दबोचे



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक साथ दो बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। कस्टम विभाग और दिल्ली पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई में कुल 30 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन और मारिजुआना बरामद की गई है। दोनों मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक यात्री दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पकड़ा गया, जबकि दो महिलाओं को नंद नगरी इलाके से हिरासत में लिया गया है। 21 अगस्त को बैंकॉक से सिंगापुर होते हुए दिल्ली पहुंचे एक भारतीय नागरिक को कस्टम अधिकारियों ने टर्मिनल-3 पर रोका। जब वह ग्रीन चैनल से बाहर निकल रहा था, तभी एक्स-रे स्कैन में उसके ट्रॉली बैग में संदिग्ध सामग्री दिखी। तलाशी के दौरान नीले और भूरे रंग के बैग से 25 काले पॉलिथीन पैकेट बरामद हुए। पैकेटों से करीब 25 किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 25 करोड़ रुपए आंकी गई।

### केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने किया स्वागत

# पीएम मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी भारत यात्रा पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह यात्रा दोनों देशों की द्विपक्षीय संबंधों को सभी क्षेत्रों में मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' बताने वाले फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। वह रविवार को दिल्ली पहुंचे, जहां केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने उनका स्वागत किया। फिजी के प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी हैं। प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री राबुका के आगमन की जानकारी साझा करते हुए लिखा, फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका का अपनी पहली यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। प्रधानमंत्री राबुका का एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने स्वागत किया। यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत और फिजी ने जुलाई 2025 में सुवा, फिजी में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के छठे दौर का आयोजन किया था।

**फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा दोनों देशों के रिश्ते अधिक होंगे मजबूत**

**यह यात्रा विविध क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करेगी**



### 1879 में हुई थी भारत और फिजी की दोस्ती

फिजी समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। दोनों देशों के सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंध मजबूत हैं। भारत और फिजी के बीच संबंध 1879 में शुरू हुए जब ब्रिटेन सरकार भारतीय मजदूरों को अनुबंध प्रणाली के तहत फिजी ले गई थी। राबुका की भारत यात्रा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फिजी यात्रा के एक साल बाद हो रही है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री राबुका की यात्रा भारत और फिजी के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है।

### आज पीएम मोदी से होगी मुलाकात

अपनी भारत यात्रा के दौरान फिजी के प्रधानमंत्री आज पीएम नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से फिजी के पीएम के लिए लंच का आयोजन होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अगस्त 2024 में फिजी का दौरा किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय का मानना है कि प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा भारत और फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है।

### पुतिन और जेलेंस्की आएंगे भारत

# ट्रंप के बस की बात नहीं पीएम मोदी रुकवाएंगे रूस और यूक्रेन युद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई ग्लोबल लीडर कहता है तो कोई उनकी सराहना करने से नहीं थकता है। जिस काम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नहीं कर पाए उसे पीएम मोदी पूरा करने जा रहे हैं। वो है रूस-यूक्रेन के बीच शांति बहाल कराना। ट्रंप का मानना है कि भारत रूस से लगातार तेल खरीद रहा है इसके कारण यह युद्ध अनवरत जारी है।

इन तमाम आरोप प्रत्यारोपों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की खबरें सामने आई। वहीं, अब भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत यात्रा की बात कही है। भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कहा कि रूस के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को देखते हुए यूक्रेन भारत को संभावित शांति वार्ताओं में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखता है। जेलेंस्की की भारत यात्रा के बारे में पूछे जाने वाले पर राजदूत ने कहा, दोनों देश यात्रा की तारीख और वार्ता के विषय को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

### एक संयुक्त रोडमैप पर हस्ताक्षर की संभावना

दोनों देशों के विदेश मंत्रालय और राजनयिक मिशन इस साझा उद्देश्य को लागू करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत की आगामी यात्रा के दौरान रणनीतिक साझेदारी के लिए एक रोडमैप पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। 23 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोला। इसने रणनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए दोनों लोकतंत्रों के नेताओं की आकांक्षा की पुष्टि की।

### शुभांशु शुक्ला के लिए बोले राजनाथ सिंह

# हनुमानजी का भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर धरा पर लौटा





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और गगनयान मिशन पर जाने वाले उनके अन्य सहयोगियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने गगनयात्रियों की जमकर तारीफ की और कहा कि पूरे देश को गगनयात्रियों पर गर्व है और सभी देशवासी गौरवान्वित हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जो मेहनत की, वह न केवल प्रभावशाली थी, बल्कि मैं कहूंगा कि उत्कृष्ट थी। मुझे भारत माता के सपूत, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सचमुच गर्व महसूस हो रहा है।

### शुभांशु शुक्ला बजरंग बली के भक्त

राजनाथ सिंह ने शुभांशु शुक्ला के बारे में आगे कहा कि मुझे यह भी बताया गया कि आप (शुभांशु शुक्ला) भी बजरंग बली के भक्त हैं। और आपने वहां (अंतरिक्ष में) कई बार हनुमान चालीसा पढ़ी होगी। आज हनुमान जी का एक भक्त आसमान की ऊंचाइयों को छूकर लौटा है और हम सबके बीच मौजूद है। मेरा मानना है कि यह सिर्फ विज्ञान की जीत नहीं है।

### स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रेमानंद महाराज को दिया चैलेंज

# अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं

## ये लोकप्रियता थोड़े दिन के लिए ही





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि वे प्रेमानंद महाराज को चमत्कारी संत नहीं मानते। रामभद्राचार्य ने उन्हें खुला चैलेंज देते हुए कहा कि अगर वे सच में चमत्कारी हैं तो उनके सामने आकर संस्कृत में बात करके दिखाएं। या वे मेरे कहे गए संस्कृत श्लोकों का अर्थ समझा दें। वो तो मेरे बालक के समान हैं। शास्त्र जिसको आए वो चमत्कार है। डायलसिस के ऊपर वो जी रहे हैं। मैं न तो उन्हें विद्वान कह रहा हूं और चमत्कारी। इतनी लोकप्रियता थोड़ी दिनों के लिए ही होती है।

### कौन हैं प्रेमानंद महाराज?

प्रमानंद महाराज का असली नाम अनिरुद्ध कुमार पांडे है। इनका जन्म 30 मार्च 1969 को उत्तर प्रदेश के कानपुर के सरसौल गांव में हुआ। इस समय वे वृंदावन में रहते हैं, जहां उन्होंने 2016 में श्री हित राधा केली कुञ्ज ट्रस्ट स्थापित किया। यह तीर्थयात्रियों और जरूरतमंदों को खाना, आवास, चिकित्सा की सेवाएं देता है। उनकी शिक्षाएं भक्ति, गुरु का महत्व, साधारण जीवन, प्रेमपूर्ण सेवा और कृष्ण-राधा की भक्ति पर आधारित हैं। वह पिछले 19 साल से गंभीर किडनी रोग से जूझते हुए भी हर रोज परिक्रमा करते हैं। इसके बाद वे एकांतिक प्रवचन में प्रश्नों का उत्तर देते हैं।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF + ESIC + खाने की सुविधा. Mo. 9201958117, 9201958114. (RO-6764)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- भाटापारा के एक चिकित्सा व डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए दो अनुभवी ग्रेजुएट लड़कों की जो पी.आर.ओ.- बैंकिंग व कंप्यूटर का कार्य कर सके। वेतन योग्यतानुसार रहने की सुविधा उपलब्ध संपर्क :- डॉ. रूपरेला डायग्नोस्टिक मो. 9300234270, 7987717614. (RO-6781)

**फैक्ट्री कार्य**

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490. (RO-6778)

**पैकिंग कार्य/सेल्समैन**

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में पैकिंग कार्य, कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन के लिए युवक/ युवतियों की आवश्यकता है। संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें। ओम फार्मा शॉप नं- 38, ओल्ड मेडिकल काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान रायपुर मो. नं. 9826176668.(RO-6780)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**डाटा ऑपरेटर**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित फर्म को ऑफिस कार्य हेतु डाटा एंट्री ऑपरेटर चाहिए जिसे एक्सल, वर्ड एवं मार्ग सॉफ्टवेयर में कार्य का अनुभव हो वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें:- 9424200568. (RO-229)

**नर्सिंग स्टाफ**

आवश्यकता है- घर पर ही रहकर बुजुर्ग एवं पेशेंट की देखभाल हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता 10 वी, 12 वी, जी.एन.एम, ए. एन. एम, बी. एस. सी नर्सिंग , ड्यूटी 10 घंटे एवं 24 घंटे, स्थान- दुर्ग,भिलाई मो. - 87708-91489.(आरो न.-800)

आवश्यकता है- टाटीबंध, रायपुर स्थित नर्सिंग होम में ट्रेनी स्टाफ (12 वी पास) वेतन योग्यतानुसार। नर्सिंग स्टाफ (ANM, GNM), सैलरी 8-9000, योग्यतानुसार। रहने की सुविधा। मो. 9826077576, काल करने का समय 1-2 PM (RO-0047)

**सेल्समैन/ड्रायवर**

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में रिटेल मार्केटिंग के लिए 12वीं पास लड़का जो की सेल्समेंन काम कर सके और ड्राइवर की भी आवश्यकता है। संपर्क जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 7469980000, 0771-4075490. (RO-6777)

**हेल्पर**

Requirment- रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की आवश्यकता है। कृपया जिनको एक्सपीरियंस हो, वही संपर्क करें - लोकेशन सादर बाजार 8889599640, 7020869008. (RO-398)

हरिभूमि

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- तेलीबांधा/लाभांडी/वीआईपी रोड में 10+ वर्ष के अनुभवी 4 ड्राइवरों की आवश्यकता है। उम्र 25-35 वर्ष। शराब-गुटखे का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें। संपर्क: 9300593000.(RO-7226)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सफ़ाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था, बिजली, पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका! 18–25 वर्ष के लड़के, 11,000/– मासिक +प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM देवपुरी, रायपुर 8448107841, 9302708426. (RO-216)

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के- लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+ 56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719. (RO-1114)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification, Call/ WhatsApp/ SMS करें- 07295935703. (RO-1121)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457. (RO-1113)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8873762120 (RO-589)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - सुंदरम फाइनेंस द्वारा पर्सनल लोन प्रॉपर्टी लोन ग्रुप लोन पाए घर बैठे मात्र 24घंटे में 2%ब्याज 30%छूट महिलाओं/ किसानों को विशेष छूट । एजेंट आमंत्रित संपर्क करे हेड ऑफिस. 8127684826 हेल्पलाइन , 8957078373. (RO-217)

फाइनेंस- JAN KALYAN योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्क:- 9289384524. (RO-232)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**CLASSIFIED RATE CARD** — 01 अप्रैल 2025 से लागू — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR — 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

RAIPUR SMART BUSINESS
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड | CMA DATA | BALANCE SHEET | MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं (व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

Healthcare

इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV. AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसे: शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनों थेरिपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## जैकेट के शेष

### आवारा हूं ...शेल्टर ....

और नसबंदी करने का वर्क आर्डर भिलाई निगम ने जारी किया है। दुर्ग निगम और भिलाई टाउनशिप एरिया में बीएसपी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान नहीं है।

### जिला व सिविल ....

अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध करा दी है। यानी एंटी रेबीज वैक्सीन के भरोसे ही कुत्तों की लड़ाई लड़ी जा रही है। भिलाई नगर निगम और दुर्ग नगर निगम ने दस साल पहले कुत्तों के लिए शेल्टर हाउस बनाया था। दुर्ग निगम ने शिवनाथ नदी और भिलाई निगम ने साक्षरता चौक के सामने शेल्टर हाउस बनाया था। निगमों ने लाखों रुपए इस पर खर्च किए। वर्तमान में यह यह सालों से बंद है।

### एनजीओ के मुताबिक ....

गई। इस बार निगम द्वारा 400 कुत्तों की नसबंदी कराई जानी है, जिसका टेंडर और कार्यादेश हो गया है। टेंडर राजनांदगांव की एक कंपनी ने लिया है। निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि टेंडर के मुताबिक 400 कुत्तों की नसबंदी की जानी है। स्थल चयन के बाद नसबंदी की जाएगी। कार्यादेश जारी हो गया है। सफल होने के बाद इसे रिपिट किया जा सकता है। इधर शहर के डॉग लवर संस्था के सदस्य बजरंग अग्रवाल, पुष्पेन्द्र बाजपेयी, प्रिंस जैन, पीयूष पारख ने बताया कि उनकी संस्था के प्रयास से एक माह पूर्व 150 कुत्तों की नसबंदी कराई गई थी। आगे भी नसबंदी करने की योजना है। शहर के कुत्तों के लिए संस्था दोनों टाइम भोजन बनाकर खिलाने का काम कर रही है। यह काम वर्षों से जारी है। घायल कुत्तों एवं मवेशी का इलाज करवाते हैं। उनके वेटनरी डाक्टर हेमंत बेलचंदन दुर्ग से हैं जो सेवाएं देते हैं। निगम द्वारा नसबंदी कराने की योजना पर सदस्यों ने कहा कि टेंडर के लिए संस्था उनके संपर्क में है। सहयोग मांगा है। संस्था की क्लिनिक उन्हें निःशुल्क दे देंगे। नसबंदी में पूर्ण सहयोग करेंगे। धमतरी में लावारिस कुत्तों को रखने के लिए शेल्टर हाउस का अभाव है, जिसकी मांग पिछले एक दशक से की जा रही है। निगम में प्रस्ताव बनता है लेकिन शासन से मंजूरी नहीं मिलने के कारण शेल्टर हाउस अभी तक नहीं बन पाया है। शेल्टर हाउस की मांग आम जनता कर रही है। बता दें कि एक एनजीओ द्वारा 400 कुत्तों की नसबंदी की जानी है जिसका कार्यादेश जारी हो गया है, लेकिन स्थल चयन नहीं होने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है।

### कुत्तों के काटने के ....

दिखाई नहीं दे रहा है। कुत्तों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। कुत्ते हिंसक हो रहे हैं और बच्चों सहित बुजुर्गों और नौजवानों पर हमला कर रहे हैं। खास कर रात के वक्त कुत्ते हमलावर नजर आते हैं और झूंड में रहकर राहगीरों पर हमला कर उन्हें घायल करते हैं। राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के प्रति वार्ड में लगभग 40 से 50 आवारा कुत्तों की मौजूदगी है। इस तरह से देखा जाए तो शहर के 51 वार्ड में लगभग 2000 आवारा कुत्ते होंगे। नगर निगम द्वारा हिंसक कुत्तों को पक पकड़कर शेल्टर होम में रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। वर्षों से आवारा कुत्तों के बधियाकरण का कार्य करने के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन आवारा कुत्तों की संख्या कम होने की बजाय दिन-दिन बढ़ते जा रही है। संबंधित कंपनी को बारिश से पूर्व कुत्तों की नसबंदी करना है लेकिन शहर में आवारा कुत्तों की धड़पकड़ अभियान दिखाई नहीं दे रहा है। बताया जाता है कि प्रतिवर्ष महज 6-7 सौ कुत्तों का बधिया कारण होता है जबकि इनकी संख्या हजारों में है । जिलेभर में प्रतिमाह कुत्तों के काटने के सौ से अधिक मामले सामने आते हैं, तो वही जिला अस्पताल में ही कुत्तों के काटने के लगभग 35 से 40 मामले हर महीने आते हैं। इसमें ज्यादातर बच्चों की संख्या होती है। वर्ष भर की बात की जाए तो लगभग तीन से चार हजार लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं ।

### बस्तर में डॉग बाइट ....

मरीजों की संख्या है। इसमें किसी की भी मौत नहीं हुई, उपचार के बाद मरीज स्वस्थ हुए। महारानी अस्पताल में रोज लगभग 30 और मेकाज में 40 मरीज रेबीज का इंजेक्शन लगाने पहुंच रहे हैं, जिसमें बच्चे, महिला और बुजुर्ग भी शामिल हैं। बस्तर में डॉग बाइट के सालभर में 1992 मामले सामने आए, जबकि दो वर्ष पहले नगर निगम क्षेत्र में शहर के 48 वार्ड में केवल 785 आवारा कुत्तों के नसबंदी की गई है। ऐसे में आवारा कुत्तों की वृद्धि रोकने के उपाय असफल साबित हो रहा है। शहर तथा गांव में आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए कोई माकूल व्यवस्था नहीं है। इस सम्बंध में महापौर संजय पांडे सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश का स्वागत करते कहा कि आवारा कुत्तों की नसबंदी से ही इनकी संख्या में वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सकता है। नगर निगम जगदलपुर में 2 वर्ष पहले आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए नसबंदी अभियान चलाया गया था, उस दौरान इस अभियान के लिए लाखों रुपये खर्च हुए। 785 कुत्तों का नसबंदी किया गया था। शहर के महारानी अस्पताल एवं डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में रोज एक हजार से ज्यादा मामले डॉग बाइट की पुष्टि कर रहा है।

### बिना मुंह बाधे ....

सत्र के दौरान जनविश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम 2025 पारित कराया था। इस विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही राज्य में यह कानून के रूप में लागू हो गया है। इस कानून में बहुत से प्रावधान हैं। यह कानून ईज ऑफ लिविंग और डूइंग बिजनेस के लिए विश्वास आधारित शासन को बढ़ावा देने हेतु एवं अपराधों के अपराधमुक्त करण और तर्कसंगत करने के लिए कतिपय अधिनियमितियों में संशोधन करने लिए ये अधिनियम बनाया गया है। पूर्व के कानून में जहां छोटे-छोटे अपराध के लिए कारावास यानी जेल भेजने के प्रावधान थे, उसकी जगह शास्ति यानि जुर्माना लगेगा। कुछ मामलों में जुर्माने की राशि में भी बदलाव किया गया।

**और जानिये... ये भी है जुर्माने की वजह :** कर की देनदारी के संबंध में अगर किसी ने झूठी जानकारी दी या लोप किया तो उसे पांच हजार रुपए जुर्माना लगेगा। मलवहन आदि को सड़क या सार्वजनिक स्थान पर बहाने पर, प्राधिकार के बिना जल निकासों का निर्माण या उसमें परिवर्तन, अनुज्ञा के बिना मुख्य केबल, पाइप निकास आदि से जोड़ने पर भी पांच हजार रुपए जुर्माना भरना होगा।

### किस गलती के ....

रुपए, अगर किसी ने अप्राधिकृत स्थान पर बेचने के लिए पशुओं का वध किया तो उस पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगेगा। देखरेख में पशु की मृत्यु की स्थिति में निष्क्रियता पर एक सौ रुपए तथा हाथियों आदि पर नियंत्रण नहीं करने, घोड़े या अन्य पशु को खुला छोड़ने पर एक हजार रुपए जुर्माना तय किया गया है।

बिहार के अररिया में वोटर अधिकार यात्रा का आठवां दिन

# राहुल ने कहा-चुनाव आयोग निष्पक्ष होता तो हलफनामा अनुराग ठाकुर से भी मांगता



**राहुल गांधी का बुलेट अवतार :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में चल रही वोटर अधिकार यात्रा रविवार को पूर्णिया पहुंची। इस दौरान राहुल गांधी का खास अंदाज देखने को मिला। वे पूर्णिया की सड़कों पर बुलेट बाइक चलाते दिखे। बाइक की पिछली सीट पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम बैठे थे।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एसआईआर को संस्थागत वोट चोरी बताते हुए कहा कि इसके जरिए बिहार में 65 लाख लोगों के नाम काटे गए, लेकिन भाजपा ने इस संबंध में कोई शिकायत नहीं की। इसका कारण है कि चुनाव चोरी करने के लिए चुनाव आयोग और भाजपा के बीच पार्टनरशिप है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के आठवें दिन अररिया में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, सीपीआई (एमएल) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी संस्थापक मुकेश सहनी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, अखिलेश प्रसाद सिंह, पप्पू यादव, समेत इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे।

रविवार को यात्रा के दौरान राहुल गांधी का खास अंदाज देखने को मिला। वे सड़कों पर बुलेट बाइक चलाते दिखे। बाइक की पिछली सीट पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सवार थे। इस दौरान लोगों का जोश देखने लायक था।

### वोट चोरी के मुद्दे को खूब जनसमर्थन

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि वोट चोरी के मुद्दे को खूब जनसमर्थन मिल रहा है और यह बिहार के लोगों के बीच गहराई से बैठ चुका है। वोटर अधिकार यात्रा में छोटे-छोटे बच्चे भी उनके पास आकर कान में वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा बोल रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि वोट चोरी के मुद्दे पर बच्चा-बच्चा जागरूक हो गया है।

#### कर्नाटक का नहीं आया जवाब

एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख फर्जी वोटरों का डेटा सामने रखा था, लेकिन आज तक इस पर चुनाव आयोग का जवाब नहीं आया। उन्होंने कहा कि एक तरफ चुनाव आयोग उनसे पत्रकार वार्ता के बीच में ही हलफनामा मांगता है, वहीं दूसरी तरफ जब भाजपा नेता अनुराग ठाकुर अपनी पत्रकार वार्ता में फर्जी वोटरों की वही बात दोहराते हैं तो उनसे कोई हलफनामा नहीं मांगा जाता। यदि चुनाव आयोग निष्पक्ष होता तो वह अनुराग ठाकुर से भी हलफनामा मांगता।

#### किसानों के हितों की प्रतिबद्धता दोहराई

पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बिहार के किसानों के हितों में कार्य करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन में मजबूत तालमेल है, जिसका शानदार नतीजा मिलेगा।

## पेज एक के शेष

### सरगुजा-बिलासपुर संभाग में...

रविवार को राजधानी में बादल छाए रहे और तापमान 3 डिग्री नीचे होने की वजह से मौसम में ठंडक महसूस हुई। पिछले चौबीस घंटे में सर्वाधिक 130 मिमी. वर्षा कापू और 120 मिमी. कुसमी में दर्ज की गई है। प्रदेश में इस बार मानसून का ज्यादा प्रभाव राज्य के उत्तरी हिस्से में नजर आ रहा है।

### ओसाका वर्ल्ड एक्सपो...

यह आगंतुकों को एक जीवंत अनुभव प्रदान करता है। पवेलियन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि, औद्योगिक शक्ति और पर्यटन की संभावनाओं को सुंदर रूप से पिरोया गया है। यह वैश्विक दर्शकों को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराता है।

**इतिहास और आस्था की झलक :** इतिहास और आस्था की झलक देने वाला सीतापुर पवेलियन में प्रमुख रूप से प्रदर्शित हैं। यह 8वीं शताब्दी से जुड़ा भारत का एक विशाल बौद्ध स्थल है, जो छत्तीसगढ़ की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का परिचायक है। भारत और जापान की सांस्कृतिक विरासत के इस जुड़ाव में, छत्तीसगढ़ बुद्ध के विचारों और शिक्षाओं से प्रेरित होकर शांति, समावेश और सतत विकास के साझा मूल्यों को आगे बढ़ाता है।

**औद्योगिक शक्ति और लॉजिस्टिक हब :** पवेलियन में छत्तीसगढ़ की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति पर विशेष बल दिया गया। राज्य की केंद्रीय स्थिति और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क उसे देश के भीतर सबसे बड़ा लॉजिस्टिक हब बनाते हैं। विनिर्माण, वस्त्र, आईटी/आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्रामोद्योग जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की तेजी से हो रही प्रगति को भी यहां प्रदर्शित किया गया है। यह वैश्विक निवेशकों के लिए राज्य को निवेश-तैयार गंतव्य के रूप में स्थापित करता है।

**वैश्विक मंच पर छत्तीसगढ़ की दमदार उपस्थिति :** वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ पवेलियन की शानदार शुरुआत और रिकॉर्ड तोड़ दर्शक संख्या ने आने वाले सप्ताह की दिशा तय कर दी है। यह पवेलियन न केवल सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है, बल्कि छत्तीसगढ़ को सतत औद्योगिक प्रगति और वैश्विक निवेश अवसरों के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

### कला और शिल्प की...

का मुख्य आकर्षण बना। यह अपनी प्राकृतिक चमक, मजबूती और आकर्षण के लिए विख्यात है और राज्य के वनों में पाए जाने वाले एंथरेया मायलिट्टा रेशम कीट से तैयार किया जाता है। कोसा से बनी कलात्मक इंस्टॉलेशन छत्तीसगढ़ की आत्मा को व्यक्त करती है। जहां आध्यात्मिकता, प्रकृति और विकास का संतुलन साफ दिखाई देता है।

### भारत के बाद अब...

गए थे, जिसके तहत अब उन विदेशी वस्तुओं पर भी टैरिफ लगेगा जो पहले 800 डॉलर से कम होने पर शुल्क से मुक्त थीं। हालांकि, पत्र, किताबें, उपहार और 100 डॉलर से कम के छोटे पार्सल पर यह नियम लागू नहीं होगा। अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच पिछले महीने हुए व्यापार समझौते में यह तय हुआ था कि यूरोपीय संघ से आने वाले अधिकांश उत्पादों पर 15 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। कई यूरोपीय डाक सेवाओं का कहना है कि वे इसलिए डिलीवरी रोक रही हैं क्योंकि उन्हें यह भरोसा नहीं है कि भेजे गए सामान 29 अगस्त से पहले अमेरिका पहुंच पाएंगे।

### सीबीआई ने लौटाए...

डॉ. रेनू जोगी को सौंपे गए। दिसंबर 2003 में छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल आया था, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी और उनके बेटे अमित जोगी पर भाजपा विधायकों को तोड़ने और सत्ता में बने रहने के लिए 45 लाख की रिश्वत देने की साजिश का आरोप लगा। उसी समय भाजपा नेता दिलीप सिंह जूदेव का भी रिश्वत लेते हुए वीडियो सामने आया था। इन दोनों घटनाओं ने राजनीति को झकझोर दिया और सीबीआई ने केस दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की।

**अब दस्तावेज़ हुए वापस :** सीबीआई की हालिया चिट्ठी (आरसी/पीई/6/2003-एसीयू-वी) में कहा गया है कि जांच के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों की अब आवश्यकता नहीं है। इसलिए इन्हें संबंधित पक्ष को लौटा दिया गया है। आज रविवार को डॉ. रेनू जोगी ने सीबीआई कार्यालय से दस्तावेज रिसीव किए और इस पर हस्ताक्षर किए।

### राजनीतिक महत्व...

जा रहा है कि यह फैसला जोगी परिवार के लिए बड़ी राहत है। 22 साल पुरानी यह फाइल, जिसने छत्तीसगढ़ की राजनीति को रायपुर से दिल्ली तक हिला दिया था। अब पूरी तरह अतीत का हिस्सा बन गई है।

### कोईमेंटा पहाड़ियों में मिला...

विस्फोटक सामग्री छिपा कर रखा था। इस डंप से कंट्रीमेड राइफल, बीजीएल लांचर, विस्फोटक, यूएवी नेत्रा का टूटा प्रोपेलर, सैकड़ों आयरन क्लैंप और भारी लोहे का सामान मिला है। सुरक्षाबलों का कहना है कि बरामद सामग्री से नक्सली जवानों पर बड़ा हमला करने की तैयारी में थे, लेकिन उनके मंसूबे ध्वस्त हो गए है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अगस्त की सुबह नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 203 कोबरा, 241 बस्तर बटालियन सीआरपीएफ और जिला बल की संयुक्त टीम अभियान पर निकली। पवन कुमार सिंह कमांडेंट 203 कोबरा और प्रवीन कुमार डिप्टी कमांडेंट के नेतृत्व में जवान ग्राम ईरापल्ली, कोईमेंटा, दारेली और बोटेलंका के जंगल-पहाड़ियों में पहुंचे। करीब 11 बजे कोईमेंटा पहाड़ी पर टीम को मिट्टी में दबाया गया बड़ा डंप मिला।

**प्लानिंग नाकाम :** पुलिस अफसरों ने बताया कि नक्सली इस डंप का इस्तेमाल जवानों पर घात लगाने और बड़े विस्फोट की साजिश के लिए करने वाले थे। लेकिन समय रहते बरामदगी ने उनकी योजना को पूरी तरह नाकाम कर दिया। अभियान के बाद सभी सुरक्षाबल सुरक्षित कैम्प लौट आए हैं।

**सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने छिपाकर रखा था सामान :** सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने कहा नक्सली इन सामग्रियों को सुरक्षाबलों को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए छिपाकर रखा था। हमारी टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से उनकी बड़ी साजिश नाकाम हो गई है। यह बरामदगी इस बात का सबूत है कि नक्सली कमजोर पड़ रहे हैं और हताशा में इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।

सट्टेबाजी से जुड़ा धनशोधन मामला

# ईडी कांग्रेस विधायक वीरेंद्र को लाई बेंगलुरु



एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी कांग्रेस विधायक के. सी वीरेंद्र 'पप्पी' को अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के लिए रविवार को बेंगलुरु ले आए। सूत्रों के अनुसार ईडी की हिरासत में मौजूद विधायक को रविवार सुबह सिक्किम से विमान से लाया गया। हवाई अड्डे पर पहुंचते ही ईडी की एक विशेष टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों ने वीरेंद्र को मीडिया से दूर रखा और उन्हें पूछताछ के लिए किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया।




#### छापे में निकले थे करोड़ों

केंद्रीय एजेंसी ने पप्पी (50), उनके भाई और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धनशोधन मामले के तहत कई राज्यों में छापे मारे थे। गिरफ्तारी से पहले ईडी ने विधायक और उनके सहयोगियों के 30 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के दौरान एजेंसी ने लगभग 12 करोड़ रुपये की नकदी, 6 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के गहने, लगभग 10 किलो चांदी और चार लग्जरी वाहन जब्त किए। साथ ही, ईडी ने 17 बैंक खाते और दो लॉकर फ्रीज कर दिए।

### बंदूक फैक्टरी से हथियार और गोला-बारूद बरामद

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर के सोनारी इलाके में एक छोटी बंदूक फैक्टरी से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस की एक टीम ने शनिवार को तिलु बस्ती के पास स्थित बंदूक फैक्टरी में करीब आठ घंटे तक छापेमारी की और छह पिस्तौल तथा हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है और फैक्टरी के संचालन में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद अधिक जानकारी उपलब्ध होगी।



### जिस चाकू से कटवाया केक, उसी से की हत्या

एजेंसी ▸▸| गुना

यहां 21 वर्षीय एक युवक ने अपनी बहन को परेशान करने वाले एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने वही चाकू का इस्तेमाल किया, जिससे उसकी बहन ने कुछ दिनों पहले अपने जन्मदिन का केक काटा था।मृतक युवक अनिल लगातार आरोपी अभिषेक टिंगा की बहन से संपर्क में था और उस पर दबाव डाल रहा था। वह उसे शादी के लिए कहता था और सोने-चांदी के गहने देने का वादा करता था। इसके बाद लड़की ने सारी बातें अपने भाई को बताई। अभिषेक और उसके दोस्तों ने हत्या के लिए ऑनलाइन पांच चाकू मंगवाए और कई दिनों तक अनिल की गतिविधियों पर नजर रखी। शुक्रवार को सूचना मिली कि अनिल शराब पी रहा है। इसके बाद अभिषेक और उसके साथी मौके पर पहुंचे और उसे घेरकर जन्मदिन वाले चाकू से हमला कर दिया।

# खड़गे बोले- जिला अध्यक्ष कांग्रेस की रीढ़ वोट चोरी रोकना अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज, रविवार को हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों से मुलाक़ात की और उन्हें संगठन की मजबूती के लिए स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 को कांग्रेस ने "संगठन सृजन का साल" घोषित किया है और इसमें जिला अध्यक्षों की भूमिका सबसे अहम होगी।



**राहुल गांधी की "वोटर अधिकार यात्रा" :** कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि राहुल गांधी बिहार में वोट चोरी के खिलाफ "वोटर अधिकार यात्रा" निकाल रहे हैं, जिसमें लाखों लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें जनता को बताना होगा कि वोट का सार्वभौमिक अधिकार कांग्रेस की देन है और राजीव गांधी ने ही युवाओं के लिए वोटिंग की उम्र 21 से घटाकर 18 की थी।

#### जिला अध्यक्षों को दी बड़ी जिम्मेदारी

खरगे ने कहा कि जिला अध्यक्ष कांग्रेस संगठन की सबसे मजबूत कड़ी होते हैं। राज्य की सरकार बनानी हो या लोकसभा में सफलता पानी हो, हर चुनाव की जीत उनकी मेहनत और ईमानदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे जब ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर की कमेटियाँ बनाएँ तो उसमें सिर्फ़ मेहनती, ईमानदार और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए लोग शामिल हों।

#### भाजपा पर वोट चोरी के गंभीर आरोप

अपने संबोधन में खरगे ने 2024 हरियाणा विधानसभा और 2023 मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों का ज़िक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस बेहद मामूली अंतर से सत्ता से बाहर रह गई।"हरियाणा में कांग्रेस सिर्फ़ 8 सीटों से पीछे रही। अगर 22 हज़ार वोट और मिलते तो आज हमारी सरकार होती। मध्य प्रदेश में 27 सीटों पर वोट चोरी हुई। 7 महीने में सिर्फ़ 4 लाख वोट बढ़े जबकि अचानक 2 महीने में 16 लाख वोट बढ़ गए।"

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी प्रस्तुति में विस्तार से दिखाया है कि किस तरह कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर सुनियोजित तरीके से वोट चोरी की गई। खड़गे बोले कि चुनाव आयोग शुरू में चुप रहा, लेकिन अब पूरा देश यह सच्चाई समझ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा वोटर पुनरीक्षण योजना के जरिये विपक्षी वोटरों के नाम काट रही है।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


# मनोविज्ञान ऑनलाइन माध्यम से नहीं पढ़ाए जा सकते : यूजीसी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे 2025 के शैक्षणिक सत्र से मनोविज्ञान और पोषण समेत स्वास्थ्य सेवा एवं संबद्ध विषयों में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण या ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई की पेशकश नहीं करें। यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग (एनसीएएचपी) अधिनियम, 2021 के तहत आने वाले पाठ्यक्रमों पर लागू है। उनमें मनोविज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, खाद्य एवं पोषण विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, नैदानिक पोषण और आहार विज्ञान शामिल हैं। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा, किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान को शैक्षणिक सत्र जुलाई-अगस्त, 2025 और उसके बाद मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण और ऑनलाइन माध्यम से मनोविज्ञान समेत एनसीएएचपी अधिनियम, 2021 में शामिल किसी भी संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम की पेशकश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।




## शब्द पहेली - 5968



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -5967 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5978

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5977 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

खबर संक्षेप

## जर्मनी की अर्थव्यवस्था जून तिमाही में 0.3 फीसदी सिकुड़ी



**बर्लिन।** जर्मनी की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में 0.3 प्रतिशत सिकुड़ गई जो पिछले अनुमान से अधिक बुरी स्थिति है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। संघीय सांख्यिकी कार्यालय ने बताया कि जून में विनिर्माण एवं निर्माण क्षेत्र का उत्पादन कमजोर रहा और घरेलू खर्च में भी कमी आई।

## सेबी विनियमित आईपीओ कारोबारी मंच करेगी शुरू




**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी की एक विनियमित आईपीओ-पूर्व कारोबारी मंच शुरू करने की योजना निवेशकों द्वारा गैर-सूचीबद्ध शेयरों की खरीद-बिक्री के तरीके को नया रूप दे सकती है। इस कदम से लंबे समय से अपारदर्शी और अघोषित बाजार के प्रभुत्व वाले क्षेत्र में पारदर्शिता आएगी। खुदरा निवेशकों के लिए जोखिम कम होंगे।

### अमेरिकी केंद्रीय बैंक के सितंबर में ब्याज दर कम करने की संभावना

# सीमित दायरे में रह सकता है सोना, फेड से दर कटौती पर सकारात्मक रुख की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*सोने की कीमतें अभी कुछ समय तक सीमित दायरे में रह सकती हैं, लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) के सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दर कम करने की उम्मीदों के बीच कुल मिलाकर सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी।*

विश्लेषकों ने कहा कि व्यापारी दूसरी तिमाही की जीडीपी और पीसीई (व्यक्तिगत खपत व्यय) महंगाई दर जैसे अमेरिका के कुछ प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों के बयानों पर बारीकी से नजर रखेंगे। इन जानकारियों से उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति क्या होगी और सोने के बाजार की दिशा क्या रहेगी।

### सोने में रूझान सकारात्मक

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /"सोने की कीमतें भले ही कुछ समय के लिए स्थिर रहें, लेकिन उनका रुझान सकारात्मक रहने की उम्मीद है।/" उन्होंने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों से सितंबर की बैठक में ब्याज दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। निवेशक भू-राजनीतिक और व्यापार से जुड़ी घटनाओं पर भी नजर बनाए रखेंगे।

### रूस-यूक्रेन शांतिवार्ता पर बाजार की नजर

मेर ने कहा, "बाजार रूस-यूक्रेन शांति प्रक्रिया और 27 अगस्त से भारत पर रूस से तेल खरीद पर लगाई जाने वाले अतिरिक्त शुल्क के लागू होने पर बारीकी से नजर रखेंगे।"पिछले सप्ताह, सोने ने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया और 956 रुपये (एक प्रतिशत) की बढ़त के साथ 1,00,391 रुपये तक गया।

- ब्याज दर कम करने से सोने की कीमतें बढ़ने की उम्मीद
- पॉवेल की टिप्पणियों से ब्याज दर में कटौती की संभावना बढ़ी
- निवेशक राजनीतिक व व्यापार से जुड़ी घटनाओं पर नजर रखेंगे



### वैश्विक बाजार में अनिश्चितता कायम

एंजेल वन के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (शोध, गैर-कृषि उत्पाद और मुद्रा) प्रथमेश माल्या के अनुसार, /"पिछले कुछ हफ्तों में बाजार में ऐसी कोई बड़ी खबर या घटना नहीं हुई थी जो सोने की कीमतों को ऊपर ले जा सके, इसीलिए कीमतों में गिरावट देखने को मिली। लेकिन अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के हालिया बयान ने निवेशकों को फिर से उम्मीद दी और बाजार में उत्साह बढ़ा दिया। मल्ल्या ने आगे कहा कि वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता अब भी बनी हुई है।

### ब्याज दर कटौती साल के अंत तक टाली जा सकती है

हालांकि पॉवेल ने यह भी कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों का घरेलू कीमतों पर बड़ा असर पड़ता है, तो ब्याज दर में कटौती को साल के अंत तक टाला भी जा सकता है।

### फेड की बैठक 16-17 सितंबर को होगी


यह बढ़त अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा जैक्सन होल संगोष्ठी में मौद्रिक नीति में संभावित बदलाव के संकेत देने के बाद देखी गई, जहां उन्होंने इस बात का संकेत दिया कि केंद्रीय बैंक दिसंबर के बाद पहली बार जल्द ही ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक की आगामी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) बैठक 16-17 सितंबर को होनी है।

### ट्रंप के कार्यकाल में शुल्कों का मुद्दा अंतहीन

माल्या ने कहा, "रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर चर्चा हो रही है, लेकिन उसका नतीजा कितना व्यावहारिक होगा, इस पर अभी भी सवाल हैं। वहीं, ट्रंप के कार्यकाल में शुल्कों का मुद्दा अंतहीन लगता है।"

# भारत प्रौद्योगिकी, एआई के लिए आकर्षक बाजार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- माइक्रोसॉफ्ट के भारत प्रमुख चंडोक बोले कंपनियां भारत के प्रति प्रतिबद्ध
- एआई अब कंपनियों के 30 प्रतिशत कोड लिखता है

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने भारत को तकनीक और एआई के लिए सबसे आकर्षक बाजारों में एक बताया है। उन्होंने भारत के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और वैश्विक वृद्धि को गति देने वाले आर्थिक संबंधों में विश्वास की बात भी की।

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष चंडोक ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि एआई अब कंपनी के 30 प्रतिशत कोड लिखता है, लेकिन उद्योग में आपूर्ति पक्ष पर एक बड़ा ''तकनीकी ऋण'' बना हुआ है, जिसके लिए अधिक इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर और अनुप्रयोगों की आवश्यकता है, क्योंकि कंपनी भविष्य के लिए निर्माण पर जोर दे रही है।

तकनीकी ऋण से आशय अधिक मजबूत नजरिये के साथ साफ्टवेयर विकास की जगह जल्दी सफलता पाने वाले रास्ते को अपनाना है। इससे भविष्य की वृद्धि धीमी होने का खतरा रहता है।

माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने इस साल अप्रैल में कहा था कि वाशिंगटन स्थित इस तकनीकी दिग्गज का 30 प्रतिशत कोड अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता या एआई द्वारा लिखा जाता है।

चंडोक ने भारत को तकनीक और एआई के लिए दुनिया के सबसे आकर्षक बाजारों में से एक बताया। उन्होंने कहा, ''माइक्रोसॉफ्ट के रूप में, हम भारत के लिए प्रतिबद्ध हैं और देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं।'

### युवाओं से एआई में दक्षता हासिल करने का आग्रह

चंडोक ने युवाओं से एआई में दक्षता हासिल करने का आग्रह भी किया और इसे बेहद महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने देकर कहा कि ऐसे कौशल केवल सिद्धांत या अवलोकन से नहीं, बल्कि उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग से सीखे जा सकते हैं। चंडोक ने कहा कि उनका मानना है कि एआई नियमित काम को स्वचालित करके संज्ञानात्मक क्षमताओं को कम करने के बजाय बढ़ाता है।


# स्टारलिंक को आंकड़े विदेशों में रखने की अनुमति नहीं

- दूरसंचार राज्य मंत्री पेम्मासानी ने कहा, कंपनी को घरेलू कानून मानना होगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने स्टारलिंक के घरेलू कानूनों का पालन करने पर सहमति व्यक्त करने के बाद उसे लाइसेंस दिया है। घरेलू कानून में सुरक्षा शर्तें भी शामिल हैं, जो इसे विदेशों में आंकड़ों की प्रतिलिपि रखने और उसे पढ़ने लायक बनाने तथा विदेश में स्थापित किसी भी सिस्टम पर भारतीय उपयोगकर्ता ट्रैफिक को प्रतिबिंबित करने से रोकती हैं। मंत्री ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सुरक्षा शर्तों के तहत उपग्रह संचार प्रदाताओं को भारत में अर्थ स्टेशन गेटवे स्थापित करना अनिवार्य है, जिसके माध्यम से उपग्रह से उपयोगकर्ताओं तक संचार भेजा जाता है।






### ट्राई से मांगी थी सिफारिशें

देश के बाहर भारतीय आंकड़ों की कोई प्रतिलिपि या उसे पढ़ने के हिसाब से नहीं बनाया जाएगा, और भारतीय उपयोगकर्ता ट्रैफिक को विदेश में स्थित किसी भी सिस्टम/सर्वर पर प्रतिबिंबित नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दूरसंचार विभाग ने उपग्रह-आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण सहित स्पेक्ट्रम आवंटन की शर्तों पर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से सिफारिशें मांगी थीं। ये सिफारिशें नौ मई को प्राप्त हो गईं।

# महिंद्रा ने मात्र 135 सेकंड में 683 किमी रेंज वाली ईवी की सभी यूनिट्स सोल्ड आउट की



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- शुरूआत में कंपनी ने 300 यूनिट का प्लान किया था उसे बढ़ाकर 999 यूनिट्स किया गया

महिंद्रा ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ग्लोबल कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ मिलकर बीई 6 बैटमैन एडिशन ईवी लांच कर दी है। शुरुआत में कंपनी ने सिर्फ 300 यूनिट्स बेचने का प्लान बनाया था, लेकिन जबरदस्त डिमांड के चलते अब इसका प्रोडक्शन बढ़ाकर 999 यूनिट्स कर दिया गया है। इस लिमिटेड एडिशन ईवी की एक्स-शोरूम कीमत 27.79 लाख रुपए रखी गई है। महिंद्रा ने अपने फ्रीडम एनयू इवेंट में बीई 6 बैडमै एडिशन लांच करके ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में हलचल कर दी है। जैसे ही इस गाड़ी की बुकिंग शुरू हुई, सिर्फ 135 सेकंड में सभी यूनिट्स सोल्ड आउट हो गईं। इसकी डिलीवरी 20 सितंबर, 2025 से शुरू होगी।

### शानदार डिजाइन

महिंद्रा बीई 6 बैटमैन एडिशन का डिजाइन इसे भीड़ से अलग पहचान देता है। इसकी पूरी बॉडी पर कस्टम सैटिन ब्लैक फिनिश दी गई है, जो प्रीमियम और दमदार लुक देती है। इसके साथ अल्केमी गोल्ड में पेंटेड सस्पेंशन और ब्रेक कैलिपर्स कॉन्ट्रास्ट का काम करते हैं। कार में 20-इंच के अलॉय व्हील्स, फ्रंट डोर पर कस्टम बैटमैन डेकल्स और पीछे की तरफ लगी "बी 6 × द डार्क नाइट" बैजिंग इसे एक यूनिक लुक देती है।

### दमदार बैटरी और रेंज

महिंद्रा बीई 6 बैटमैन एडिशन ईवी में 79 केडब्ल्यूएच का पावरफुल बैटरी पैक दिया गया है। कंपनी का दावा है कि यह फुल चार्ज पर 683 किमी की रेंज दे सकती है। वहीं, रियल वर्ल्ड कंडीशंस में भी यह एसयूवी 500 किमी से ज्यादा आसानी से चल सकती है। लिमिटेड एडिशन होने के कारण इसके डिजाइन और फीचर्स इसे बेहद खास बनाते हैं और इसे कलेक्टर्स एडिशन का दर्जा देते हैं।

# तीजा-पोला की खुशियों में सुमीत बाजार का धमाकेदार '79 उत्सव ऑफर'

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीज़ा–पोला का त्योहार न सिर्फ सांस्कृतिक उल्लास लेकर आता है, बल्कि बाजारों में भी रौनक बढ़ा देता है। इसी मौके पर सुमीत बाज़ार ने ग्राहकों के लिए '79 उत्सव ऑफ़र' पेश किया है, जिसमें सिर्फ 79 रुपए में आकर्षक प्रीमियम गिफ़्ट्स दिए जा रहे हैं। बेडशीट से लेकर ट्रॉली सूटकेस तक, हर खरीदारी पर शानदार गिफ़्ट्स मिल रहे हैं।

3499 रुपए की शॉपिंग पर 1799 रुपए की किंग साइज बेडशीट, और 11,999 रुपए पर 4999 रुपए का ट्रॉली बैग-ये ऑफर्स ग्राहकों को खूब लुभा रहे हैं। एक ही छत के नीचे पूरे परिवार के लिए शॉपिंग त्योहार के इस सीज़न में सुमीत बाज़ार फैशन प्रेमियों के लिए साड़ियों, लहंगों, सूट्स, जीन्स, बच्चों के कपड़ों और ट्रेंडी शर्ट–पैंट्स का विशेष कलेक्शन लेकर आया है।

सुमीत बाज़ार के मैनेजिंग डायरेक्टर संयम कांकरिया ने कहा, हर त्योहार हमारे लिए ग्राहकों के साथ मिलकर उत्सव मनाने का अवसर होता है। हमारा उद्देश्य है कि हर घर में तीज़ा–पोला की खुशियां सुमीत के साथ और भी यादगार बनें।

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी — क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी — सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989,9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स — Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच *
पता: सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist) — डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोंथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोंपैथी और मेडिकल रेटिना
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अहलूवालिया हॉस्पिटल — 8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल — डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट) — डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 सप्रेपी तालाब के सामने, बिलासपुर रोड, सिगमा फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off — 0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप: सेन और सिंधू के सामने कड़ी चुनौती, सात्विक-चिराग से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोमवार से शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पहले दौर में शीर्ष वरीय शि यू का सामना करना होगा जबकि पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू खराब प्रदर्शन से उबरकर कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी। भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए यह साल मुश्किल रहा है। चोटों और खराब फॉर्म ने उनकी तैयारी में बाधा डाली है। एक साल पहले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले सेन अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में फ्रांस की राजधानी में वापसी कर रहे हैं।



## प्रणय भिड़ेंगे फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से

विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने वाले एचएस प्रणय का पहला मुकाबला फिनलैंड के जोकिम ओल्डॉर्फ से होगा। अगर वह पहली बाधा पार कर लेते हैं तो उन्हें दूसरे दौर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन का सामना करना पड़ सकता है। पुरुष युगल में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पहले दौर में बाई मिली है और वे दूसरे दौर में हमवतन हरिहरन अम्साकरुनन और रूबेन कुमार या चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से खेलेंगे। मिश्रित युगल में 16वीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो को पहले दौर में बाई मिली है, जबकि रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे का पहला मुकाबला मकाऊ के लियोंग लोक चोंग और वेंग ची एनजी से होगा। महिला युगल में प्रिया कोंजेंगबाम-श्रुति मिश्रा तथा पांडा बहनें रुतुपर्णा और श्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगे।



## सिंधू का पहला मुकाबला कालोयाना नलबांटोवा से

अल्मोड़ा का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इसके बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और अगर उन्हें विश्व चैंपियनशिप में आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह ली शि फेंग, कोडाई नाराओका और शी के खिलाफ कड़े मुकाबलों में अक्सर लड़खड़ाते रहे हैं। शी का उनके खिलाफ रिकॉर्ड 3-1 है। महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 2019 की विश्व चैंपियन सिंधू को चाइना ओपन में साथी भारतीय उन्नति हुड्डा से मिली हार से उबरना होगा। पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों के साथ सबसे सफल भारतीय सिंधू अपने अभियान की शुरुआत बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा के खिलाफ करेंगी।

## खबर संक्षेप



### हिल्स ओपन : स्नेहा, प्रणवी और हिताशी ने बनाई कट में जगह

**गोटेनबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह, प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी हिल्स ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन कट में जगह बनाने में सफल रही। पहली बार लेडीज़ यूरोपियन टूर में खेल रही स्नेहा ने पहले राउंड के 72 के स्कोर के बाद दूसरे राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं। प्रणवी (76-72) और हिताशी (74-75) क्रमशः संयुक्त 41वें और संयुक्त 53वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ी अमनदीप द्राल (77-77), त्वेसा मलिक (79-76), अवनि प्रशांत (72-84) और वाणी कपूर कट से चूक गईं, जो सात ओवर पार पर गया था। वाणी दूसरे राउंड में रिटायर हो गईं थी। जर्मनी की लियोनी हार्म और स्वीडन की मेजा ऑर्टेनग्रेन संयुक्त बढ़त पर हैं।

### डीपी वर्ल्ड: संयुक्त 46वें स्थान पर अहलावत



**सुटोन कोल्डफील्ड।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने डीपी वर्ल्ड टूर पर बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के तीसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 46वें स्थान पर बने हुए हैं। अहलावत (73-71-71) ने तीसरे दौर में चार बर्डी, एक ईगल और पांच बोगी लगाई। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 40वें स्थान पर बने हुए हैं।

### एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच बने गांगुली



**सेंचुरियन।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को 2026 सत्र से पहले एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। यह किसी टीम का मुख्य कोच बनने का उनका पहला कार्यकाल होगा। गांगुली इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट की जगह लेंगे, जिनके पद छोड़ने की घोषणा शनिवार को की गई थी। सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हमें सौरव गांगुली को अपना नया मुख्य कोच घोषित करते हुए बेहद खुशी हो रही है।' यह पहली बार होगा जब गांगुली किसी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच होंगे। 2018 और 2019 के बीच गांगुली आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक थे। बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने यह पद छोड़ दिया था। प्रिटोरिया कैपिटल्स का स्वामित्व जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के पास है, जो दिल्ली कैपिटल्स का सह-मालिक है।

## हेड और मार्श की साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले विकेट के लिए 250 रन की साझेदारी

# ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत, द. अफ्रीका को रिकॉर्ड अंतर से हराया

एजेंसी ▶▶| मैके

तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 276 रनों से हराया। ये वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की रनों के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के तीसरे वनडे मैच में ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और कैमरून ग्रीन ने मिलकर धमाका कर दिया। तीनों बल्लेबाजों ने शतक ठोककर साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को हैरान और परेशान कर दिया। पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने शतक जमाया फिर कैमरुन ग्रीन ने केवल 47 गेंद पर शतक ठोककर इतिहास रच दिया। ग्रीन वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने गए। बता दें कि वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे तेज शतक ग्लेन मैक्सवेल ने जमाया था। मैक्सवेल ने केवल 40 गेंद पर शतक लगाने का कमाल किया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने इतिहास रचा दिया। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 250 रन की साझेदारी की।

- कैमरून ने 47 गेंदों में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरा सबसे तेज वनडे शतक बनाया




पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 3 बल्लेबाजों के शतक की बदौलत 50 ओवर में 2 विकेट खोकर 431 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया के पहाड़ जैसे स्कोर के जवाब में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज लड़खड़ा गए और पूरी टीम महज 24.5 ओवरों में 155 रनों पर ढेर हो गई। इस तरह साउथ अफ्रीका को वनडे क्रिकेट के इतिहास में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने 276 रनों से अफ्रीकी टीम को शिकस्त दी और इस तरह मेजबान टीम का सीरीज में क्लीन स्वीप होने से बच गया। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया भले ही तीसरी मैच अपने नाम करने में कामयाब रही लेकिन साउथ अफ्रीका ने पहले दोनों मैच जीतकर 2-1 से सीरीज अपने नाम की।

### साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे ओपनिंग साझेदारी

- 250* ट्रेविस हेड-मिचेल मार्श, मैके, 2025
- 200 विक्रम सोलंकी-मार्कस ट्रेस्कोथिक, द ओवल, 2003
- 193 सौरव गांगुली-सचिन तेंदुलकर, जोहान्सबर्ग, 2001
- 193 शिवनारायण चंद्रपॉल-क्रिस गेल, जोहान्सबर्ग, 2004

### वनडे में ऑस्ट्रेलिया का सर्वोच्च स्कोर

- 434/4 बनाम साउथ अफ्रीका, जोहान्सबर्ग, 2006
- 431/2 बनाम साउथ अफ्रीका, मैके, 2025*
- 417/6 बनाम अफगानिस्तान, वाका, 2015
- 399/8 बनाम नीदरलैंड, दिल्ली, 2023

### कैमरुन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की तूफानी पारी खेली

*बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में दो विकेट पर 431 रन बनाए, जिसमें ट्रेविस हेड ने 103 गेंद पर 142 रन की पारी खेली, हेड ने 17 चौके और 5 छक्के लगाकर धमाका किया। वहीं, मिचेल मार्श ने 106 गेंद पर 100 रन की पारी खेली, मार्श ने अपनी पारी में 6 चौके और 5 छक्के लगाए, इसके अलावा कैमरुन ग्रीन ने 55 गेंद पर नाबाद 118 रन की की तूफानी पारी खेली, ग्रीन ने अपनी धमाकेदार पारी में 6 चौके और 8 छक्के लगाने का कमाल किया। वनडे में ऑस्ट्रेलिया का यह दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले साल 2006 में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही 434 रन का स्कोर बनाया था।*

## टेनिस हॉल ऑफ फेम

# शारापोवा और ब्रायन बंधु को मिला नया उपहार



एजेंसी ▶▶| न्यूपोर्ट (अमेरिका)

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस मौके पर हॉल ऑफ फेमर्स मार्टिना नवरातिलोवा, जिम कूरियर, स्टेन स्मिथ और एंडी रॉडिक अपने नीले हॉल ऑफ फेम ब्लेजर पहने हुए दर्शकों में शामिल थे। शारापोवा और ब्रायन बंधुओं को एक कास्ट टेनिस रैकेट दिया गया, जो हॉल ऑफ फेम की ओर से शामिल होने वालों के लिए नया उपहार है।

### 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में होगी शामिल सेरेना

इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स उपस्थित थीं। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होगी। सेरेना ने कहा, 'मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया।'

### सेरेना ने मुझे प्रेरित किया : मारिया

इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, 'आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है, जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। सेरेना ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।' विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली दस महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा को अमेरिका के जुड़वा भाईयों माइक और बॉब ब्रायन के साथ टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप

# मीराबाई की वापसी, भारोत्तोलकों की नजरें ज्यादा पदक जुटाने पर



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

टोकियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी, जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं, जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं। मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें।

### पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं : चानू

चानू ने कहा, 'मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं, जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है।' चानू भले ही मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं लेकिन भारत के दल के लगभग हर भार वर्ग में पोडियम पर पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल प्रतियोगिताएं (राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप) लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलकों के लिए एक शानदार जगह रही हैं, जिन्हें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का फायदा मिलता है। जब भारत ने पिछली बार 2023 में चैंपियनशिप की मेजबानी की थी तो घरेलू टीम ने 20 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। इस बार भी रजत विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह सहित कई राष्ट्रमंडल पदक विजेता भारत की पदक तालिका में इजाफा करना चाहेंगे।

## महिला टेस्ट क्रिकेट: ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

**ब्रिस्बेन।** ऑफ स्पिनर एमी एडगर के पांच विकेट के बाद शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने एकमात्र अनधिकृत महिला टेस्ट के अंतिम दिन भारत ए को छह विकेट से हरा दिया। एडगर ने 57 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने दिन के दूसरे ओवर में वीजे जोशीथा का विकेट लेकर अपना पांचवां विकेट हासिल किया, जिससे भारत ए की दूसरी पारी 286 रन पर सिमट गई और मेजबान टीम को 281 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ए ने अनिका लियरॉयड (72), रेचल ट्रेनामन (64) और मैडी ड्रेक (68) के अर्धशतकों की बदौलत 85.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज ट्रेनामन और कप्तान ताहलिया विल्सन (46) ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी कर भारतीय आक्रमण पर दबाव बना दिया।

# एशिया कप: अफगानिस्तान टीम में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा, राशिद संभालेंगे कमान

एजेंसी ▶▶| काबुल

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक राशिद खान को 9 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए अफगानिस्तान का कप्तान नियुक्त किया गया। अफगानिस्तान की टीम में स्पिन गेंदबाजों का दबदबा है। कप्तान के अलावा टीम में अन्य स्पिनरों में नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, एएम गजनफर और अनुभवी ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शामिल हैं। पिछले वर्ष अफगानिस्तान टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचा था।

### जजई और अकबरी टीम से बाहर

जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलने वाली टीम से हजरतुल्लाह जजई और जुबैद अकबरी को एशिया कप की टीम में शामिल नहीं किया गया है। रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद इशाक




टीम में दो विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में नवीन उल हक, फजलहक फारुकी और फरीद मलिक शामिल हैं। अफगानिस्तान को ग्रुप बी में बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका के साथ रखा गया है जबकि ग्रुप ए में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई शामिल हैं। राशिद की अगुवाई वाली टीम एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 9 सितंबर को हांगकांग के खिलाफ करेगी।

# सिंकफील्ड कप: गुकेश का सामना फिरोजा और प्रज्ञाननंदा का डूडा से

**सेंट लुई।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा से भिड़ेंगे जबकि उनके हमवतन आर. प्रज्ञाननंदा का सामना पोलैंड के डुडा जान-क्रिज्सटॉफ से होगा। प्रतियोगिता में विश्राम दिवस से पहले फैबियानो कारुआना दो जीत और तीन ड्रॉ के साथ 3.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञाननंदा ने पहले राउंड में गुकेश पर एकमात्र जीत के बाद लगातार चार ड्रॉ खेले। अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद पांच खिलाड़ियों अमेरिकी जोड़ी वेस्ली सो और सैमुअल सेवियन, फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव, फिरोजा और गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के समान 2.5 अंक हैं। डूडा के दो अंक हैं और वह अंतिम स्थान पर मौजूद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक आगे हैं।



## आर्सेनल की लीड्स पर बड़ी जीत, 5-0 से दी मात

# इंग्लिश प्रीमियर लीग: कम उम्र, बड़ा खेल, डाउमैन का तूफानी प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| लंदन

विक्टर ग्योकेरेस ने आर्सेनल के लिए अपना पहला गोल दागा, जिससे उनकी टीम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में लीड्स को 5-0 से हराया। जुरियन टिम्बर ने 34वें मिनट में आर्सेनल के लिए कॉर्नर से गोल किया, जिसके बाद बुकायो साका ने हाफटाइम के पहले गोल करके घरेलू टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

- आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने मैक्स डाउमैन

ग्योकेरेस ने शुरुआती दौर में एक आसान मौका गंवाने के बाद वापसी करते हुए दूसरे हाफ के तीन मिनट बाद अपने घरेलू मैदान पर गोल किया। टिम्बर ने इसके बाद अपना दूसरा गोल किया। मैक्स डाउमैन ने बेंच से उतरते हुए दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। वह 15 साल और 235 दिन की उम्र में एथन नवानेरी के बाद आर्सेनल के लिए खेलने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। इस किशोर खिलाड़ी ने स्टॉपेज टाइम में अपनी टीम के लिए पेनल्टी हासिल की, जिसे ग्योकेरेस ने गोल में बदला।



### टॉटेनहैम की मैनचेस्टर सिटी पर प्रभावशाली जीत

इस बीच टॉटेनहैम ने नए कोच थॉमस फ्रैंक के नेतृत्व में प्रीमियर लीग सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने ब्रेनन जॉनसन और जोआओ पल्हिन्हा के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी पर 2-0 की प्रभावशाली जीत हासिल की।


### बार्सिलोना का विजय अभियान जारी, लेवांटे को 3-2 से हराया



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मेजबान टीम लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज करके अपना विजय अभियान जारी रखा। शीर्ष लीग में जगह बनाने वाले लेवांटे ने मध्यांतर तक दो गोल की बढ़त हासिल करके सबको चौंका दिया था। गत विजेता बार्सिलोना को दूसरे हाफ में पेड्री गोंजालेज और फेरान टोरेस ने बराबरी दिलाई। इसके बाद लेमिन यामल ने विजयी गोल करने में मदद की जब उनके क्रॉस पर लेवांटे के उनाई एल्गेज़ाबल ने गेंद को अपने ही नेट में पहुंचा दिया। यह आत्मघाती गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले लेवांटे के स्ट्राइकर इवान रोमेरो ने 15वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। जोस लुइस मोरालेस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने एल्चे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेलकर अपनी बढ़त गंवा दी। एक अन्य मैच में मालोर्का ने सेल्टा विगो के साथ 1-1 से ड्रॉ खेल कर अंक बांटे।




# कोस्टा रिका में मिली ऑरेंज स्किन और सफेद आंखों वाली दुर्लभ शार्क मछली



सैन जोस। कभी-कभी दुनिया के किसी हिस्से में कुछ हैरान करने वाली चीजें पाई जाती है जिसे देखकर, सुनकर लोग आश्चर्य में पड़ जाते हैं, ऐसी ही एक खबर से हम आपको रूबरू कराने जा रहे हैं। कोस्टा रिका के टोर्टुगुएरो नेशनल पार्क के पास समुद्र में मछली पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान छह फीट से ज्यादा लंबी एक शार्क मछली पकड़ी गई। दुर्लभ नारंगी त्वचा और सफेद आंखों वाली इस शार्क को देखकर लोग दंग रह गए। इस तरह की शार्क पहली बार मिली है।



### रंग में बदलाव

इसका रंग सामान्य भूरी नर्स शार्क से बिल्कुल अलग था। इसकी पहचान शोधकर्ताओं ने जैंथिज्म के रूप में की है, जिसे जैंथोक्रोइज्म भी कहा जाता है।यह एक दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति है, जिसमें त्वचा में लाल रंग की कमी और पीले या नारंगी रंग की अधिकता होती है। कैरिबियन क्षेत्र में कार्टिलाजिनस मछलियों - जिनमें शार्क, रे और स्केट्स शामिल हैं, यहां पर जैंथिज्म का पहला मामला मिला है। शार्क की सफेद आंखों की वजह से लोग और ज्यादा हैरान में पड़ गए हैं, ये इसे काफी ज्यादा अनोखा बनाती हैं। ये ऐल्बिनिजम जैसे लक्षण भी दिखाती हैं।

### शोधकर्ताओं का दावा

आमतौर पर नर्स शार्क समुद्र तल में घुलने-मिलने के लिए अपने भूरे रंग पर निर्भर रहती हैं, चमकीले नारंगी रंग या सफेद आंखें शिकारियों के संपर्क में आने की संभावना को बढ़ा सकती हैं। इसके बावजूद भी ये नर्स शार्क जीवित रही, जिसकी वजह से इसके आगे के जीवन के संभावनाओं के बारे में भी बल मिला है। हालांकि, कुछ शोधकर्ताओं का दावा है कि जैंथिज्म प्रभावित जानवरों में जीवित रहने की दर को कम कर सकता है।

### क्यों खास होती है नर्स शार्क?

इसके अलावा शोधकर्ताओं ने कहा कि नर्स शार्क काफी ज्यादा खास होती हैं, क्योंकि ये बिना तैरे अपने गलफड़ों से पानी खींचकर सांस ले सकती हैं। साथ ही साथ उनका मानना है कि जैंथिज्म मुख्य रूप से आनुवंशिक कारणों से होता है। हालांकि, ये आहार जैसे कई अन्य कारक भी रंग को प्रभावित कर सकते हैं। वे इस मामले की जांच करना चाहते हैं कि इस अनोखी शार्क की हकीकत क्या है।

## रोचक खबरें

### जमीन-जायदाद नहीं, कुएं पर मची खींचतान, हुआ अजब-गजब समाधान

बदायूं। आपने संपत्ति के बंटवारे के तमाम किस्से सुने होंगे। ज़मीन-जायदाद के पीछे तमाम झगड़े भी होते देखे होंगे। मगर, बदायूं जिले मे अनोखा मामला सामने आया है। जहां एक कुएं के बटवारे को लेकर



कोई परिवार नहीं. बल्कि हिन्दू और मुस्लिम आमने-सामने आ गए और नौबत बबाल तक पहुंच गई। इसके बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और फिर कुएं का बंटवारा कराया गया। दोनों समुदायों को बीच से दीवार खड़ी करा कर आधा- आधा कुआं बांट दिया गया। कुएं पर हिन्दू पक्ष ने भगवा रंग करा दिया तो मुस्लिम पक्ष ने एतराज जताया और बवाल किया। जिस पर प्रशासन ने शांति का प्रतीक बताते हुए कुएं को सफ़ेद रंग से पोत दिया। मामला बिसौली के गदरपुर का है। यहां हिन्दू मुस्लिमो के बीच एक कुएं को लेकर लगभग 150 साल से विवाद चला आ रहा था। बीते दिनों हिन्दू पक्ष ने यह कहते हुए कुएं को भगवा रंग से पोत दिया कि यहां विवाह में कुआं पूजन की रस्म होती है यह कुआं हिन्दू पक्ष का है। मुस्लिम पक्ष ने भगवा रंग पर एतराज जताते हुए कुआं अपना बता दिया। तभी इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। प्रशासन ने सफ़ेद रंग को शांति का प्रतीक बताते हुए कुएं को सफ़ेद रंग से पुतवा दिया और मस्जिद में जाने को चार फ़ीट का रास्ता मुस्लिम पक्ष को दे दिया और दीवार खड़ी करा दी। इस अनोखे बंटवारे की इलाके में खासी चर्चा हुई। पहली बार इलाके में कुएं का बंटवारा होते देखा गया।

### 3डी प्रिंटिंग से बनेंगे इंसानों की अगली पीढ़ी के अंग! क्या स्पेस में ही होगा ये मुमकिन?

**लंदन।** पृथ्वी पर कई आविष्कार ऐसे हैं जो गुरुत्व की वजह से नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने बहुत सारे प्रयोग ऐसे किए हैं



जो पृथ्वी के गुरुत्व के माहौल में होना संभव नहीं थे और आईएसएस ने संभावनाओं को ही नहीं बहुत सारी उम्मीदों को भी जगाया है। ब्रिटेन के अंतरिक्ष यात्री टिम पीक ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है कि मनुष्य जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 3डी प्रिंटेड अंग प्रत्यारोपण यानी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए बनाने की कगार पर हैं। पीक साल 2015 में ब्रिटेन के पहले अंतरिक्ष यात्री बने, उन्होंने कहना है कि आईएसएस एक विशाल विज्ञान प्रयोगशाला है। फार्मास्युटिकल कंपनियां अब अंतरिक्ष में निर्माण की संभावनाओं को पहचान रही हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक मोबाइल फोन में कई तकनीकें पहले आईएसएस पर टेस्ट की गई थीं। यहां किए गए प्रयोग भविष्य की चिकित्सा को बदल सकते हैं। पीक ने बताया कि अंतरिक्ष में प्रोटीन क्रिस्टल्स उगाने से मोटर न्यूरॉन और पार्किंसन जैसी बीमारियों के बेहतर इलाज संभव होंगे। अंतरिक्ष में नई दवाओं और तकनीकों के निर्माण की संभावनाएं बढ़ रही हैं। धरती पर गुरुत्वाकर्षण के कारण जो चीजें बनाना मुश्किल है, उन्हें स्पेस में आसानी से बनाया जा सकता है।


# कुत्तों के पास होती हैं दो नाक, इसलिए सूंघने की क्षमता होती है अत्यधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

## इंसानों से एक लाख गुना ज्यादा बेहतर तरीके से सूंघ सकता है कुत्ता

कुत्तों की सूंघने की क्षमता इतनी जबर्दस्त होती है कि अक्सर लोग मजाक में कहते हैं कि कुत्तों के पास एक नहीं, दो नाक होती हैं। लेकिन, अगर आपसे कहा जाए कि ये मजाक नहीं है, बल्कि सच है तो आपको शायद यकीन न हो।

विज्ञान बताता है कि कुत्तों की एक नाक तो हम सब लोगों को दिखाई देती है, जबकि दूसरी नाक भी इसके एकदम नजदीक ही होती है, जो हम और आप लोगों को दिखाई भले नहीं देती। लेकिन, यही वो नाक है, जिसकी वजह से कुत्ता इंसानों से एक लाख गुना ज्यादा बेहतर तरीके से सूंघ सकता है। वहीं, कुछ नस्लें ऐसी होती हैं जिनकी क्षमता 10 हजार करोड़ गुना तक भी हो सकती है। साइंस के मुताबिक कुत्तों में मुंह के ऊपर बाहर से दिखाई देने वाली नाक के अलावा वोमेरोनसाल अंग भी होता है जिसे जैकब्सन का हिस्सा भी कह सकते हैं। यही कुत्तों की दूसरी नाक कहलाती है, जो सामान्य नाक के मुकाबले बहुत ज्यादा संवेदनशील होती है। वोमेरोनसाल ऑर्गन एक खास प्रकार की सूंघने वाली संरचना होती है जो फेरोमोन और कुछ खास कैमिकलों को पहचानने में मदद करती है।



### दूसरी नाक के ये हैं महत्वपूर्ण काम

**प्रजनन के लिए:** डॉ. विमल कहते हैं कि कुत्तों की यह दूसरी नाक मादा कुत्तों के शरीर से निकलने वाले फेरोमोन को पहचानकर नर कुत्तों में मैथुन की इच्छा जागृत करती है। मातृत्व की भावना: यह नाक ही मां कुत्तों को अपने बच्चों को पहचानने में मदद करती है। यही वजह है कि बिना कुत्तों की शक्ल पहचाने मां कुत्ता बच्चों को जान लेती है। **इलाका भी पहचानते हैं कुत्ते:** इसी नाक से सूंघकर कुत्ते पेशाब, पॉटी और ग्रंथियों से निकलने वाले रसायनों से ये समझ जाते हैं कि कौन किस इलाके में है और सामाजिक रैंक क्या है। **आक्रामकता और सामाजिक व्यवहार:** कुत्तों की ये दूसरी नाक उनके प्रभुत्व और अधीनता जैसे व्यवहारों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। डॉ. विमल कहते हैं कि कुत्तों का वोमेरोनसाल अंग यानि इनकी दूसरी नाक एक ऐसा विशेष सिस्टम है जो सूंघने की क्षमता को तो लाखों गुना बढ़ाता ही है इनके स्वाभाविक व्यवहारों जैसे कि जोड़ा बनाना, मां-बच्चे की पहचान, इलाका चिन्हित करना और सामाजिक व्यवहारों को भी कंट्रोल करता है।

### कुत्तों में वीएनओ की बनावट कैसी होती है?

कुत्तों की दूसरी नाक यानि वोमेरोनसाल ऑर्गन बाहर से दिखाई नहीं देता, क्योंकि यह नाक की हड्डी (नाक की बीच की दीवार) के नीचे और मुंह की छत के ठीक ऊपर स्थित होता है। यह वोमर हड्डी और नासिका गुहा यानि नेजल कैविटी के बीच में होता है। ऐसे में जब कुत्ते जमीन या किसी चीज पर मुंह और नाक लगाकर सूंघते हैं तो यह अंग अत्यधिक तीव्रता से उसकी पहचान कर लेता है।

### क्या होता है इसमें?

इसमें दो ट्यूब जैसी थैलियां लगी होती हैं जिनके अंदर खास तरह की सूंघने वाली परत लगी होती है। यह मुंह की गुहा यानि माउथ कैविटी से जुड़ा होता है। इसकी छोटी-छोटी नलिकाएं ऊपरी आगे के दांतों के पीछे एक छोटे उभार के पास खुलती हैं। इस ऑर्गन को मुख्य रूप से वोमेरोनसाल तंत्रिका (जो सूंघने वाली प्रणाली का हिस्सा है) और कुछ हद तक ट्राइजेमिनल तंत्रिका से सिग्नल मिलते हैं।

### सूखने के कगार पर कैस्पियन सागर

**बाकू।** दुनिया की सबसे बड़ी खारे पानी का झील कहा जाने वाला कैस्पियन सागर तेजी से सूख रहा है। अजरबैजान ने इस पर गहरी चिंता जताई है। पिछले 5 सालों में इसका जलस्तर लगभग 1 मीटर(3 फीट)कम हो गया और यह हर साल 20 से 30 सेंटीमीटर की रफ्तार से घट रहा है। इसकी वजह से ना सिर्फ तेल के कारोबार और बंदरगाहों को



नुकसान हो रहा है बल्कि स्टर्जन मछली और कैस्पियन सील जैसे जीव भी खतरे में हैं। अजरबैजान के उप-पर्यावरण मंत्री रऊफ हाजीयेव ने कहा है कि, यह समस्या आर्थिक और पर्यावरण दोनों के लिए एक बड़ी आपदा है। दुनिया का सबसे बड़ा खारे पानी का भंडार कैस्पियन सागर 5 देश जिसमें अजरबैजान, ईरान, कजाकिस्तान, रूस और तुर्कमेनिस्तान से घिरा हुआ है। यह सागर तेल और गैस का एक बहुत ही बड़ा भंडार है। इसके अलावा यहां स्टार्जन जैसी खास मछलियां पाई जाती हैं जिनके अंडों की पूरी दुनिया भर में बहुत डिमांड है। लेकिन, अब यह सागर तेजी से सूख रहा है। बढ़ते तापमान और कम बारिश की वजह से कैस्पियन सागर में पानी की कमी हो रही है। वोल्गा नदी, जो इस सागर को 80% पानी देती है उसमें भी पानी बहुत कम हो गया है। दूसरी ओर अजरबैजान का कहना है कि, रूस ने वोल्गा नदी पर 40 बांध बनाए हैं और 18 नए बांध और बना रहा है। वहीं, रूस का मानना है कि इसकी असली वजह जलवायु परिवर्तन है। हालांकि, कजाकिस्तान के एक्सपर्ट किरिल ओसिन का कहना है कि, जलवायु परिवर्तन और नदियों का ज्यादा इस्तेमाल दोनों ही इस संकट को बढ़ा रहे हैं।

### वैज्ञानिकों को मिला खास पोषक तत्व, कैंसर और भूलने की बीमारी में साबित हो सकता है मददगार

लंदन। वैज्ञानिकों की एक टीम ने मानव शरीर से जुड़ा 30 साल पुराना रहस्य सुलझा लिया है। इस टीम ने फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी और ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन के शोधकर्ता भी शामिल थे। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि हमारा शरीर एक खास पोषक तत्व को कैसे अवशोषित करता है। बता दें कि ये पोषक तत्व स्वस्थ दिमाग के लिए, कैंसर से लड़ने और तनाव को कंट्रोल करने के लिए बहुत ही जरूरी है। इसके अलावा यह पोषक तत्व याददाश्त को अच्छी रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

क्वेओसिन एक विटामिन जैसा पोषक तत्व होता है जिसे हमारा शरीर खुद नहीं बना सकता, बल्कि इसे केवल खाने और पेट में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया से ही ले सकता है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन, कई सालों तक इसपर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था।

हाल ही में नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज के जर्नल में छपी रिसर्च है। इसमें वैज्ञानिकों को उस जीन का पता चला है जो क्वेओसिन नाम के पोषक तत्व को कोशिकाओं में जाने देता है। यह खोज भविष्य में कैंसर को रोकने, याददाश्त बढ़ाने और दिमाग को नई चीजें सिखाने में मदद कर सकता है। प्रोफेसर विन्सेंट केली ने कहा, हमें लंबे समय से पता था कि क्वेओसिन दिमाग, मेटाबॉलिज्म, कैंसर और तनाव जैसी जरूरी चीजों पर असर डालता है।

### ड्राइविंग का शौक पर नहीं था बजट, तो बन गई ऑटो ड्राइवर

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक महिला ने बताया कि कैसे वह ड्राइविंग के अपने जुनून को पूरा करने के लिए ऑटोरिक्शा ड्राइवर बन गईं। कर्नाटक की राजधानी की सड़कों पर आत्मविश्वास से चलती हुई इस महिला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें वह ड्राइविंग के प्रति अपने पैशन के बारे में बात कर रही हैं, चाहे वह कार हो, बाइक हो या फिर ऑटो। तमन्ना तनवीर द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस क्लिप को अब तक 18 लाख से ज़्यादा बार देखा जा चुका है। इसे 'महिलाएं देखती हैं, महिलाएं स्क्रॉल करती हैं, महिलाएं खुश' कैप्शन के साथ पोस्ट करते हुए, उन्होंने



खुशमिजाज़ ड्राइवर सफूरा के साथ अपनी मुलाकात की एक झलक दिखाई है। वीडियो में तनवीर ने बताया कि वह ओला, उबर या रैपिडो जैसे ऐप्स पर राइड बुक करने में काफ़ी मशक्कत कर रही थी। तभी उसकी नज़र एक अनोखी चीज़ पर पड़ी।

**1200 साल पुराने चीन के मकबरे में मिला रहस्यमय आदमी का फोटो :** **बीजिंग।** चीन में इमारत बनाते समय एक मकबरा मिला था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह मकबरा एक ऐसे व्यक्ति का था, जिसकी मौत 736 ईस्वी में 63 साल की उम्र में हुई थी और उसे अपनी पत्नी के साथ दफनाया गया था।




**कर्नाटक का मॉडर्न टार्जन : जंगल में पत्तियां-फल खाकर 10 साल से रहता है अकेला!**

# पहले गुफा में मिली थी रशियन महिला, अब जंगलों में मिला पत्तियां खाने वाला इंसान

बेंगलुरु। लगभग एक महीना पहले एक 40 वर्षीय रशियन महिला, नीना कुटीना, अपनी दो बेटियों के साथ, कर्नाटक के गोकर्ण में एक गुफा में रहती पाई गई। अब कर्नाटकों के जंगल से एक और मार्डन टार्जन के रहने की खबर आ रही है। आपने टार्जन या मोगली की कहानियां तो सुनी होंगी, जो जंगल में जानवरों के बीच रहते थे।लेकिन, कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक ऐसा शख्स है, जो सचमुच इन कहानियों जैसी ही जिंदगी जी रहा है। बुदनखान नाम का ये शख्स पिछले 10 साल से सावदत्ती तालुक के जंगलों में अकेला रहता है।



### परिवार से दूरी, अकेलापन पसंद

बुदनखान के दो भाई और माता-पिता आज भी जिंदा हैं, लेकिन उसने परिवार से सारे रिश्ते तोड़ लिए। कई बार घरवाले उसे वापस लाने की कोशिश कर चुके, पर वो नहीं माना। उसे लोगों के बीच रहना पसंद नहीं। वो कहता है कि दूसरों के आसपास होने पर उसे नींद ही नहीं आती! उसने जंगल की चट्टानों के बीच अपनी छोटी-सी जगह बना ली, जहां वो सुकून से रहता है। कपड़े? बस एक पैंट, और कुछ नहीं! गांव में शादी की बातें तो हर किसी के लिए आम हैं, लेकिन बुदनखान से कोई शादी की बात करे, तो वो चुप हो जाता है। उसे न साथी चाहिए, न घर बसाने का शौक। वो अपने जंगल, अपनी आजादी और अपने अकेलेपन से खुश है।

### पत्तियों और फलों पर जिंदगी

बुदनखान पहले गांव में आम इंसान की तरह रहता था, लेकिन उसने सब छोड़कर जंगल को अपना घर बना लिया। हैरानी की बात है कि वो 10 साल से पका हुआ खाना नहीं खाता! उसका खाना है जंगल की पत्तियां, पौधे और जंगली फल ही हैं। लोग बताते हैं कि उसने बंदरों को देखकर ये आदत सीखी। वो करीब 80 तरह की पत्तियां खाता है और कहता है कि उसे चावल, रोटी या सब्जी की जरूरत ही नहीं। और तो और, इतने सालों में वो कभी बीमार नहीं पड़ा! गांव वाले हैरान हैं कि जहां वो हफ्ते-दो-हफ्ते में बुखार या दर्द की शिकायत करते हैं, वहां बुदनखान बिना दवा के फिट रहता है। क्या जंगल में कोई जादू है, या उसका शरीर ही इतना अनोखा है?




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com